दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 23 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-305 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

फैसले की घड़ी : निकायों के नतीजे आज, प्रत्याशियों की धड़कनें हुईं तेज

भिलाई/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 15 निकायों के 385 वार्डों में हुए निकाय चुनाव की मतगणना गुरुवार सुबह 9 बजे से शुरू होगी। माना जा रहा है कि सभी केंद्रों से करीब 3 बजे तक गणना खत्म हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने आज होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली है। जिसमें मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने कहा कि सभी मतगणना केन्दों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोविड प्रोटोकॉल का किया जायेगा पालन

मतणना स्थल पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य किया गाया है । अधिकारियों कर्मचारियों, अभ्यर्थियों की ओर से नियुक्त काउंटिंग एजेंट का वैक्सीनेटेड होना अनिवार्य है। वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र के बिना कोई भी व्यक्ति काउंटिंग एजेंट नहीं बन पाएगा। मतगणना स्थल पर मीडिया केंद्र बनाए जाएंगे ताकि मीडिया को आसानी से जानकारी दी जा सके। इन केंद्रों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीरगांव में तैयारी पूरी

बीरगांव में 40 वार्ड के लिए 40 टेबल लगाए जाएंगे और सभी प्रत्याशियों के एजेंटों को एक-एक मतपत्र दिखाकर मतपत्रों के बंडल बनाए जाएंगे। चुनाव में कुल 95 बूथ बनाए गए थे इसलिए हर बूथ की एक पेटी के हिसाब से गिनती के लिए कुल 95 मत पेटी होगी। इन मतों की गिनती के लिए स्ट्रांग रूम से बारी- बारी से 40 मत पेटी मतगणना स्थल पर लाई जाएगी और इसे सभी 40 टेबल पर पहुंचाया जाएगा। हर वार्ड में 2 से 5 बूथ हैं इसलिए अधिकतम 5 राउंड की गिनती के बाद मतगणना का कार्य पूरा हो जाएगा।

पोस्टल बैलेट से शुरू होगी गणना

मतगणना स्थल पर 9 बजे से पहले पोस्टल बैलेट की मतपेटी पहुंच जाएगी। 9 बजे के बाद पोस्टल बैलेट यानि निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके लिए अलग से टेबल लगाए जाएंगे। मतगणना के दिन सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। नोटा में मिले मतों को अविधिमान्य मत के रूप में गिना जाएगा।

टेबल पर प्रत्याशी या एजेंट होंगे मौजूद

मतगणना स्थल पर जाली के बाहर राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के एजेंट बैठे होंगे। मतगणना कर्मचारी इन सभी एजेंटों को एक- एक मतपत्र दिखाएंगे और मतपत्र के 20-20 के बंडल तैयार किए जाएंगे। इन बंडलों को संबंधित दलों व प्रत्याशियों के बाक्स में डाल दिया जाएगा। इस तरह से राउंडवार गिनती का काम पूरा होगा। हर राउंड की गिनती के बाद एसीओ के पास आंकड़े ले जाए जाएंगे। इसके बाद दलवार चार्ट बनाया जाएगा। मतगणना अधिकारी वार्ड वार और राउंडवार प्रत्याशियों को मिले मतों की घोषणा करेंगे। गणना पूरी होने के बाद ही अंतिम नतीजे घोषित किए जाएंगे।

आज बेबाक

कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन ने भारत में दोहरा शतक लगा दिया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बारे में अलर्ट जारी करते हुए सभी राज्य सरकारों के एहतियाती कदम उठाने को कहा है और फरवरी माह में कोरोना की तीसरी लहर आने की संभावना व्यक्त की है। राज्य सरकारें इसे कितनी गंभीरता से लेंगी इस बारे में कुछ भी कह पाना मुहाल है। देश भर में कोरोना गाईड लाईन की जिस तरह खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है और राज्य सरकारें मूक दर्शक बनी हुई है उसे देखते हुए कोरोना की तीसरी लहर का कहर टूटना लगभग तय लग रहा है।

सूर्योदय

उदय : 6.47 प्रात:
अस्त : 5:13 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,915,109,950
भारत : 1,400,351,990

बाजार

सेंसेक्स : 56,930.56
निफ्टी : 16,955.55
गोल्ड : 47,300 प्रति 10 ग्राम
चांदी : 61,900 प्रति किग्रा
अण्डा दर : 5.01 प्रति नग

वॉलफोर्ट सिटी, स्काई एलॉयज कोल और ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के यहां आईटी छापा

एटी ज्वेलर्स, प्रदीप अग्रवाल, रवि सिंघल, भगवानदास अग्रवाल, सर्व मंगला कंस्ट्रक्शन सहित अन्य के घरों और दफ्तरों में दबिश

■ सुबह 5 बजे पहुंचे अधिकारी, लैपटॉप के अलावा खंगाले जा रहे हैं बैंकों के दस्तावेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने एक साथ कई जगहों पर दबिश दी। सुबह 5 बजे से ही आयकर विभाग के अफसरों की कार्रवाई जारी है। रायपुर के अलावा कोरबा के उद्योगपतियों के यहां आयकर विभाग के अफसर जांच कर रहे हैं। रायपुर के चौबे कालोनी में रवि सिंघल के घर पर आयकर की टीम जांच कर रही है।

रवि सिंघल रायगढ़ के स्कॉई अलॉज के मालिक हैं। रायपुर के शंकर नगर के ओम श्री अपार्टमेंट में सुमित कोल, वॉलफोर्ट सिटी में प्रदीप अग्रवाल के घर पर आयकर विभाग के अधिकारी जांच कर रहे हैं। इन व्यापारियों के लैपटाप के अलावा बैंकों के दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। रवि सिंघल लोहा और कोयला उद्योग से जुड़े हैं।

आयकर की टीम ने छत्तीसगढ़ सेल्स कार्पोरेशन और सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन के ठिकानों पर एक साथ दर्जनों अधिकारियों ने दबिश दी। आयकर की टीम ने रायपुर, रायगढ़ और कोरबा में एक साथ छापेमारी की। दोनों जगह आयकर अधिकारी जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सेंट्रल एक्साइज की टीम भी जांच में जुटी है। रायगढ़ के खरसिया में आयकर विभाग की टीम जांच कर रही है। रायगढ़ के स्काई एलायज कंपनी के दोनों ठिकानों पर टीम जांच कर रही है।

रायगढ़ के खरसिया रोड स्थित टेमटेमा में स्काइ एलायज कंपनी है। इसके संचालक रायपुर के चौबे कालोनी के रवि सिंघल के घर पर आयकर टीम जांच कर रही है। टीम कंपनी के मैनेजर श्री साईं कालोनी निवासी के घर पर भी पड़ताल कर रही है। आयकर की टीम मंगलवार को ही पहुंच गई थी। पूरी तरह तहकीकात के बाद बुधवार तड़के एक साथ दबिश दी।

आयकर विभाग की टीम बुधवार की सुबह छत्तीसगढ़ सेल्स कारपोरेशन व सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन के रायपुर, रायगढ़ व कोरबा में एक साथ छापेमारी कार्रवाई की है। दोनों संस्थानों के अलग-अलग करीब एक दर्जन ठिकानों पर आयकर विभाग के 100 से अधिक अधिकारी दस्तावेज खंगाल रहे हैं। दर्री रोड रोड स्थित अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के पास छत्तीसगढ़ कारपोरेशन के संचालक भगवान दास अग्रवाल व उनके भाई राजकुमार अग्रवाल के निवास में बिलासपुर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ताबड़तोड़ दौरों से माहौल बनाने में जुटे

पीएम मोदी का तीसरा काशी दौरा

लखनऊ। यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पीएम मोदी भी यूपी के ताबड़तोड़ दौरे कर रहे हैं। इसी क्रम में आज वह वाराणसी पहंच रहे हैं। दिसम्बर में पीएम मोदी का यह तीसरा काशी दौरा है। पिछले दौरों की तरह इस बार भी पीएम मोदी काशीवासियों को करोड़ों की सौगात देंगे। वहां यूपी की सबसे बड़ी दूध इकाई का शिलान्यास करेंगे। कुल 1,225 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

पीएम मोदी के इन ताबड़तोड़ दौरों के साथ ही यूपी में बीजेपी का हिन्दुत्व, विकास और महिला प्लान सामने आ रहा है। ज्यों-ज्यों यूपी चुनाव की घड़ी करीब आ रही है त्यों-त्यों बीजेपी अपने इस प्लान पर तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी ने मंगलवार को प्रयागराज में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन किया तो इसके कई सियासी मायने निकाले जाने लगे। इस कार्यक्रम को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की ओर से दिए गए नारे- लड़की हूं लड़ सकती हूं... से भी जोड़कर देखा जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिवस

राष्ट्रीय किसान दिवस: राष्ट्रीय किसान दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर को मनाया जाता है। चौधरी चरण सिंह किसानों के सर्वमान्य नेता थे। उन्होंने भूमि सुधारों पर काफी काम किया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में और केन्द्र में वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने गांवों और किसानों को प्राथमिकता में रखकर बजट बनाया था। उनका मानना था कि खेती के केन्द्र में है किसान, इसलिए उसके साथ कृतज्ञता से पेश आना चाहिए और उसके श्रम का प्रतिफल अवश्य मिलना चाहिए।

भारत की 'प्रलय' से घबराएगा दुश्मन

■ DRDO ने अत्याधुनिक बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली (ए.)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी DRDO ने एक बेहद अत्याधुनिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर भारत को रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी मजबूती दी है। डीआरडीओ ने बुधवार को ओडिशा तट के पास कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल का नाम है 'प्रलय'। डीआरडीओ ने जारी एक बयान में बताया, भारत ने ओडिशा तट के पास कम दूरी की, सतह से सतह पर मार करने में सक्षम निर्देशित बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का सफ्ल परीक्षण किया।

DRDO द्वारा विकसित यह ठोस-ईंधन, बैटलफ ील्ड मिसाइल भारतीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के पृथ्वी डिफेंस व्हीकल पर आधारित है। सूत्रों ने बताया कि एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुबह करीब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत में टैक्स चोरी कर फंसी चीनी मोबाइल कंपनियां

नई दिल्ली। चीनी मोबाइल कंपनियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, आयकर विभाग देश भर में प्रमुख चीनी मोबाइल कंपनियों पर छापेमारी कर रहा है। आईटी विभाग ओप्पो, श्याओमी और वन प्लस सहित अन्य मोबाइल कंपनियों के यहां छापेमारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आयकर विभाग ने कर चोरी के आरोप में चीनी मोबाइल फोन निर्माताओं से जुड़ी इकाइयों के खिलाफ छापेमारी की। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दक्षिण के कुछ राज्यों में स्थित परिसरों पर की जा रही है।

राफेल डील में देरी बर्दाश्त नहीं

ऑफसेट में देरी के लिए दसॉल्ट पर लगाया जुर्माना



नई दिल्ली (ए.)। भारत ने 36 फ्रांसीसी राफेल लड़ाकू विमानों के लिए 7.8 अरब यूरो के सौदे में ऑफसेट प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में देरी के लिए जुर्माना लगाया है। डिफॉल्ट आयुध की बड़ी कंपनियों पर शिकंजा कसने के लिए बनायी गई नई नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है। शीर्ष रक्षा सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि मिसाइल निर्माता एमबीडीए से जुर्माना लगाया गया है, जो दसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित राफेल जेट के लिए हथियार पैकेज आपूर्तिकर्ता है। भारत ने फ्रांस के साथ समझौते और हथियारों के लिए आपूर्ति प्रोटोकॉल के अलावा, दसॉल्ट के साथ एक बड़ा ऑफसेट अनुबंध और अपने सहयोगी एमबीडीए के साथ एक छोटा अनुबंध भी किया था।

'ओमिक्रॉन' के खतरे को देखते हुए प्रदेश में कोविड-19 वार-रूम शुरू

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग ने 'ओमिक्रॉन' के खतरे को देखते हुए प्रदेश में कोविड-19 वार-रूम सक्रिय कर दिया है। विभागीय प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला के निर्देश पर नवा रायपुर में इंद्रावती भवन स्थित स्वास्थ्य सेवाओं के संचालनालय में कोविड-19 वार-रूम ने आज से काम करना शुरू कर दिया है। यहां से प्रदेश भर में कोरोना की स्थिति की लगातार निगरानी और समीक्षा की जाएगी।

गरमा-गरम

भारतीय नागरिकता के इंतजार में 7306 पाकिस्तानी : गृह मंत्रालय

नई दिल्ली (ए.)। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक भारतीय नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे हैं। ये जानकारी भारतीय गृह मंत्रालय ने संसद को दी। गृह मंत्रालय ने बताया कि 7306 पाकिस्तानी भारतीय नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे हैं। गृह मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भारतीय नागरिकता के लिए लंबित लगभग 70 प्रतिशत आवेदन पाकिस्तानियों के हैं। बुधवार को संसद सदस्य अब्दुल वहाब द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तय समय से एक दिन पहले खत्म हुआ शीतकालीन सत्र

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र अपने निर्धारित समयावधि से एक दिन पहले यानी बुधवार को ही खत्म हो गया। दोनों सदनों में बुधवार सुबह की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मौजूदा शीतकालीन सत्र 29 नवंबर को शुरू हुआ था और इसे 23 दिसंबर तक चलना था। राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही आरंभ हुई, सभापति एम वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए।

न्यूज गैलरी

बार एवं राड मिल ने बनाया उत्पादन का दैनिक कीर्तिमान, आरएमपी-3 ने दैनिक कीर्तिमान का लगाया हैट्रिक

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की 7 मिलियन टन मॉडेक्स की ध्वज वाहक इकाई बार एवं रॉड मिल ने 19 दिसम्बर, 2021 को 10 एमएम टीएमटी बार में 1100 बिलेट रोलिंग कर सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया। इससे पूर्व 27 अक्टूबर, 2021 को 10 एमएम टीएमटी बार में 1080 बिलेट रोलिंग कर सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया गया था। आरएमपी-3 ने दैनिक उत्पादन के कीर्तिमान का लगाया हैट्रिक सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3 (आएमपी-3) ने भी 17 दिसम्बर, 18 दिसम्बर, 2021 और 19 दिसम्बर, 2021 को किल्न-5 से प्रतिदिन 450 टन लाइम का उत्पादन कर दैनिक उत्पादन के कीर्तिमान का हैट्रिक बनाने में कामयाबी हासिल की। इसी प्रकार 21 दिसम्बर, 2021 को पहली बार किल्न-3 व किल्न-5 से साथ-साथ 450 टन प्रतिदिन लाइम का उत्पादन कर दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड कायम किया है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने अपने कास्टर-2 से लगातार सर्वाधिक अवधि का हीट कास्ट करने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस कीर्तिमान के तहत 20 दिसम्बर, 2021 को 4 फ्लाइंग टंडिश के साथ लगातार 101 हीट कास्ट कर नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की। सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स), अंजनी कुमार ने उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीआरएम, आरएमपी-3 तथा एसएमएस-3 बिरादरी और संबंधित विभागों के सदस्यों को बधाई दी।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन गठित समूह द्वारा वार्डो में रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

दुर्ग (नव प्रदेश)। स्वच्छता सर्वेक्षण स्वच्छ दुर्ग सुंदर एवं स्वस्थ दुर्ग के तहत वार्ड क्रमांक 56 एवं 57 एवं वार्ड 11 में बघेरा में महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता में 22 प्रतियोगियों ने भाग लिया वेस्ट ऑफ बेस्ट अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी बनाने में 31 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें पुराने कपड़े से पैरदान बनाना छोटे घड़े को रंग के माध्यम से रंगीन कलश बनाना, पुराने समाचार पत्रिका से पॉट बनाना, जूट की कलाकृति बनाना, पुरानी घड़ी से वॉल हैंगिंग झूमर बनाना, पुराने कपड़े से तकिया बनाना आदि स्ट्रीक लकड़ी से पेन स्टैंड बनाना पुराने ऊन से मिरर में वॉल हैंगिंग बनाना, पुराने वैवाहिक कार्ड से आकर्षक तितली बनाना इत्यादि कार्य करते हुवे स्वच्छता का संदेश दिया पार्षद कुमारी बाई साहू के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा गठित समूह द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं द्वारा स्वच्छता नारे की तख्तियां लेकर बस्ती में भ्रमण किया गया एवं स्वच्छता के लिए सभी को प्रेरित किया गया जिसमें विशेष रूप से सिटी मैनेजर मुक्तेश कान्हे, मनीष त्रिपाठी, सामुदायिक संगठक अंजू लता देशमुख (वार्ड प्रभारी) एनयूएलएल के सीओं/ सीआरपी ममता टिकेश्वरी सहित समूह की महिलाए उपस्थित हुई।

गुरु घासीदास जयंती'' कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री रूद्र गुरु

दुर्ग (नव प्रदेश)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्र कुमार दुर्ग जिले के ग्राम अंजोरा ढाबा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने यहां गुरु घासीदास स्तम्भ पर श्वेत झंडा चढ़ाया और बाबा गुरू घासीदास के पुण्य चित्र पर फूल माला चढ़ाया। इस अवसर उन्होंने यहां लोक कला मंच सांस्कृतिक भवन सांस्कृतिक मंच अहाता निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने संत समाज सहित उपस्थितजनों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका संदेश मनखे मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है।

डोर टू डोर 237 लोगों ने लगाया पहला और दूसरा डोज

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम कोविड वैक्सीनेशन को लेकर दुर्ग नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं आयुक्त हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग टीम लगातार मार्केट क्षेत्र में काम कर रही है। संयुक्त रूप से उपक्रम दुर्ग में 100 प्रतिशत वैक्सीन लगाने का लक्ष्य, कोरोना वेरिएंट के खतरे के बीच शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए नई पहल। बढ़ते कोरोना के संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए डोर टू डोर इंदिरा मार्केट क्षेत्र के दुकानों में जाकर पहले डोज और दूसरा डोज लगाया जा रहा है। मार्केट क्षेत्र डोर टू डोर 237 लोगों ने लगाया पहला और दूसरा डोज, टीकाकरण की बढ़ी रफ्तार, डोर टू डोर वैक्सीनेशन को लेकर मिल रही है बड़ी सफलता, टीकाकरण दस्तक महाभियान। वर्तमान में पहले डोज से दुगनी दूसरा डोज लेने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। नगर पालिक निगम और स्वास्थ्य विभाग पहला एवं दूसरा डोज लेने वालों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। निगम क्षेत्र अंतर्गत केंद्र निर्धारित कर लगाकर वैक्सीन लगाई जा रहा है। इससे टीकाकरण में वृद्धि हो रही है। लगातार टीकाकरण महाअभियान हर दुकान दस्तक अभियान के तहत कोरोना वेरिएंट के खतरे के बीच शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए नई पहल की सफलता देखी जा रही है।

रिटर्निंग आफिसर्स को दिए सुझाव, एंट्री गेट से लेकर मतगणना कक्ष तक सभी का किया निरीक्षण

कलेक्टर पहुंचे मतगणना केंद्र, व्यवस्था की हर बारीकी का किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकायों की मतगणना की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सभी मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रिटर्निंग आफिसर्स को मतगणना केंद्र में सुविधाओं के संबंध में जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने एन्ट्री गेट से लेकर मतगणना कक्ष तक सभी बारीकियों का निरीक्षण किया। उन्होंने एन्ट्री गेट से शुरूआत की। सुबह यहां पर अधिक भीड़ होती है। किस तरह से जल्द से जल्द लोगों को एन्ट्री मिल सके और सुरक्षा के प्रति भी पूरी तरह सजगता बरती जाए, इस संबंध में भी निर्देश कलेक्टर ने दिये। मतगणना केंद्र में मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा। केवल पत्रकारों को मीडिया सेंटर तक ही मोबाइल ले जाने की इजाजत होगी। मीडिया सेंटर से आगे मोबाइल ले जाने की इजाजत नहीं होगी। कलेक्टर ने पार्किंग की व्यवस्था भी सभी केंद्रों में देखी। कलेक्टर ने मतगणना केंद्र में सीसीटीवी कैमरा आदि के इंतजाम भी देखे। साथ ही उन्होंने पावरबैकअप आदि की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र के भीतर कोविड प्रोटोकाल का पूरी तरह से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग के जो गाइडलाइन हैं उनका पूरी तरह से पालन सुनिश्चित कराया जाए। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाइजर होंगे और उनके दो सहायक होंगे। साथ ही स्ट्रांग रूम से पेटी लाने के लिए भृत्य भी होगा। निर्वाचन कार्य में लगे सभी लोगों को एक घंटे पूर्व अपने कार्यस्थल पर पहुंचना होगा। मतगणना 9 बजे से आरंभ होगी। निर्वाचन कर्तव्य प्रमाणपत्र की गणना एआरओ के टेबल में होगी। कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग आफिसर्स से कार्य में पूरी तरह सजगता और पारदर्शिता बरतने कहा। रिटर्निंग आफिसर्स ने बताया कि मतगणना से संबंधित पूरी तैयारियां कर ली गई हैं और इस संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरा प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मतगणना कक्ष में अभिकर्ताओं को पेन और कागज उपलब्ध कराया जाएगा। मीडियाकर्मियों की सुविधा के लिए सभी मतगणना केंद्रों में मीडिया सेंटर बनाये गये हैं। यहां पर समय-समय पर राउंडवार नतीजों की जानकारी मीडिया कर्मियों को दी जाएगी। कलेक्टर ने सभी मतगणना केंद्रों में परिसर की सुरक्षा की भी विशेष रूप से समीक्षा की। एडीशनल एसपी श्री संजय ध्रुव भी उनके साथ निरीक्षण में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि परिसर की सुरक्षा से संबंधित सारी तैयारियां पुख्ता हैं। सीसीटीवी कैमरे आदि लगाये गये हैं और हर स्तर पर पारदर्शिता बरती गई है। मतगणना केंद्र में मोबाइल पूरी तरह से प्रतिबंधित, पत्रकारों को केवल मीडिया सेंटर तक ही मोबाईल ले जाने की अनुमति- उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाइल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। पत्रकारों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की अनुमति मिलेगी। इसके बाद मतगणना कक्ष में मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दैनिक जीवन में प्रातः उठने से लेकर रात्रि में सोने तक गणित का अनेक बार उपयोग होता है। चूंकि यह हमारी दिनचर्या में शामिल हो गया है। इसलिए हमारा ध्यान नहीं जाता। गणित विषय को यदि रूचि लेकर अध्ययन किया जाये तो इसे कठिन समझने वालों को सरलता हो सकती है। ये उद्गार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने व्यक्त किये। डॉ. पल्टा ने कहा कि आमतौर पर गणित विषय को कठिन समझा जाता है। जबकि एक बार इसके मूल तथ्य को हम पहचान ले तो यही विषय रोचक लगने लगता है। अपने संबोधन में कुलपति, डॉ. पल्टा ने अनेक भारतीय गणितज्ञों की जीवन शैली से संबंधित उदाहरण देते हुए उपस्थित प्रतिभागियों से कड़ी मेहनत एवं लगन से अध्ययन करने का अनुरोध किया। भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रायोजक, छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी, रायपुर तथा नेषनल काउंसिल फार साइंस एण्ड टेक्नॉलाजी कम्यूनिकेशन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली थे। भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम का संचालन हेमचंद यादव विष्वविद्यालय दुर्ग के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने किया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह के दौरान आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में अंर्तमहाविद्यालयीन क्विज स्पर्धा में शासकीय नेहरू पीजी महाविद्यालय, डोंगरगढ़ की टीम प्रथम, सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई द्वितीय तथा शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा की टीम तृतीय रही। मैथेमेटीकल पजल प्रतियोगिता में भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई की कुमारी श्वेता देषमुख तथा रेणुका पटेल की टीम प्रथम, शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा की टीम के विरेन्द्र वर्मा तथा रोशन दास द्वितीय रहें।

इंडक्शन प्रोग्राम के चौथे दिन छात्रों को नवाचारों के लिए प्रेरित किया गया

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। इंडक्शन प्रोग्राम के चौथे दिन यूटीडी के निदेशक डॉ. पीके घोष ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), प्रौद्योगिकी ई-सेंटर दुर्ग से आए विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और छात्रों को संबंधित क्षेत्र में नवाचारों के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता श्री जे के मोहंती, वरिष्ठ प्रबंधक एमएसएमई प्रौद्योगिकी ई-सेंटर, दुर्ग थे। उन्होंने एमएसएमई में काम करने, एमएसएमई से प्रोजेक्ट कैसे प्राप्त करें और एमएसएमई के विभिन्न कोर्स और लाभ के बारे में बताया। उन्होंने एमएसएमई संरचना के बारे में चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को एआई और डेटा साइंस के लिए उद्योग 4.0 की उपयोगिता के बारे में बताया। उसके बाद दूसरे वक्ता सुधीर चिरिवेल्ला, वरिष्ठ इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स थे। उन्होंने विभिन्न उद्योगों में एआई और डेटा विज्ञान की स्थिति और समाज पर उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। यशवंत साहू ने विभिन्न उपकरणों पर एआई और आईओटी कार्यान्वयन के बारे में बात की। उन्होंने एआई और डेटा साइंस के भविष्य के दायरे के बारे में भी बताया। आज के कार्यक्रम के अंतिम सत्र में गोकुल जायसवाल एआई और डेटा साइंस में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न नेटवर्क प्रोटोकॉल और प्रोग्रामिंग भाषाओं पर अपनी बात रखी। डॉ. प्रतिभा कुरुप ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और मंच संचालन सुश्री रेणु

मतगणना स्थल में इन सामग्रियों में रहेगा प्रतिबंध

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगरीय निर्वाचन में मतगणना स्थल में प्रतिबंधित सामग्रियों को प्रशासन ने चिन्हांकित किया है। इस संबध में जानकारी देते हुए, अपर कलेक्टर श्रीमती पदमिनी भोई ने बताया कि मतगणना स्थल में मोबाईल-फोन की अनुमति नही होगी। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण भी अंदर ले जाने नही दिया जाएंगे। कैलक्युलेटर एवं पेन भी निषेध है, इनमें ज्वलनशील पदार्थ जैसे माचिस, लाईटर आदि पर भी प्रतिबंध रहेगा। सिगरेट, बीड़ी, पान, गुटखा पर भी प्रतिबंध रहेगा। पेय पदार्थो जैसे पानी बाटल, कोल्ड्रिंक पर भी प्रतिबंध रहेगा। डंडा, चाकू, हथियार आदि के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा। उल्लेखनीय है कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किये गये है। इसके लिए आपात स्थितियों से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम भी लगाई गई है।

जरूरतमंदों को निगम प्रशासन ने किया कंबल वितरण, अलाव की भी व्यवस्था

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। बढ़ती ठंड और शीतलहर के चलते भिलाई निगम ने ज्यादा भीड़-भाड़ एवं आवाजाही वाले स्थानों सहित चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की है वहीं बीती रात्रि 9:00 बजे आयुक्त प्रकाश सर्वे स्वयं ऐसे स्थानों का मुआयना करने निकले। ठंड में बिना कंबल के बैठे और सोए हुए लोगों को उन्होंने तत्काल कंबल की व्यवस्था करते हुए कंबल का वितरण किया। शहर के प्रमुख आवाजाही वाले स्थल जैसे कुरूद बाजार चौक, ओम शांति ओम चौक, राजीव नगर, वैशाली नगर गोल मार्केट, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, शीतला कांप्लेक्स के पास, जवाहर नगर रिक्शा स्टैंड, सुभाष चौक रोजगार कार्यालय के पास, गदा चौक सुपेला, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन, सुपेला घड़ी चौक, चंद्रा मौर्या के पास रिक्शा स्टैंड एवं नेहरू नगर चौक सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। एक कंबल के सहारे फुटपाथ किनारे सो रहे थे दो लोग, महिला अपनी बच्ची के साथ बिना गर्म कपड़े की मिली, आयुक्त ने दिया कंबल रात्रि में जब निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे दौरे पर थे, उन्होंने देखा कि ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति सो रहा है और वह भी पतली सी चादर ओढ़कर आयुक्त ने उन्हें ठंड से राहत दिलाने कंबल दिया। जब आयुक्त आगे बढ़े तो अंडर ब्रिज के पास चबूतरे में एक कंबल से दो व्यक्ति सोते मिले आयुक्त ने पूछा क्या करते हो उन्होंने रिक्शा चालक होने की जानकारी दी, दोनों को कंबल दिया गया। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला अपनी छोटी सी बच्ची के साथ बिना गर्म कपड़े के बैठी मिली तथा पावर हाउस रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति बिना गर्म कपड़े के सोते मिला इन सभी को आयुक्त ने कंबल दिया। गहरी नींद में सोए हुए लोगों को आयुक्त ने नहीं जगाया बल्कि उन्हें कंबल ओढ़ाकर ऐसे लोगों की तलाश में शहर में 5 घंटे तक अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरी एवं जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, मनीष गायकवाड तथा अन्य अधिकारियों के साथ घूमते रहे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21
उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील साहू पिता काशीराम साहू निवासी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की वसीयत भूमि ग्राम खुरसीडीह प.ह.नं. 3 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 2/2 रकबा 1.500 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर वसीयतकर्ता प्रहलाद पिता/पति बुधु के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 29.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आशीष पाटिल पिता/पति अनंत राव पाटिन निवासी स्मृति नगर जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया है कि उनके पिता के नाम पर ग्राम जुनवाली प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं. 434/79 रकबा 0.0100 हे. भूमि एकलखाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार ए.आर.पाटिल की मृत्यु दिनांक 23/03/18 को हो जाने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
मामला क्रमांक /.../....2020-21
ईश्तहार

एत्द द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसरू यादव पिता/पति सुखदेव यादव निवासी नगपुरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम नगपुरा प.ह.नं.2 में अपने नाम पर स्थिति भूमि खसरा नं. 52, 127, 1882 रकबा 0.1400, 0.1700,0.5300 हे. भूमि भूमिस्वामी हक पर दर्ज है। जिसके राजस्व रिमार्क बी-1 खतौनी पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश अहस्तांतरणीय भूमि दर्ज दर्ज किया गया है। जिसे विलोपित किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 07/1/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती सरोज अग्रवाल आ. राजेश कुमार अग्रवाल रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400273

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरोज अग्रवाल आ. राजेश कुमार अग्रवाल निवासी शाप नं. 11 मरोदा सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	8/11	0.020 हें 2700 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती इलबुनुल वर्गिस आलिअम्मा पति जार्ज टी शामूवल रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400318

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती इलबुनुल वर्गिस आलिअम्मा पति जार्ज टी शामूवल निवासी दूरसंचार विभाग विद्युत मंडल कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरूद प.ह.न. 19अ/50 तह. व जिला दुर्ग	1607/44	0.0220 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. पक्षकार का नाम ऑनलाईन ई-कोर्ट श्रीमती मधुबाला देवी पति श्री विरेन्द्र भगत रजिस्ट्रेशन नं.- 202112100400319

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मधुबाला देवी पति श्री विरेन्द्र भगत निवासी सयैत आगर सिवान बिहार द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरूद प.ह.न. 19अ/50 तह. व जिला दुर्ग	1016/30	0.006 हें 638 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुषार चंद देवांगन पिता स्व. राम कुमार देवांगन निवासी ग्राम विद्युत नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 161/115 शा. 162/98 रकबा 0.0130 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती स्वेच्छा शर्मा पति निशांत शर्मा निवासी ग्राम पोटियाकला से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. नासीर अहमद पिता काजी अब्दुल गफ्फार अहमद निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/292 रकबा 0.009 हे. भूमि को विक्रेता रियाजुद्दीन पिता नजरूद्दीन निवासी ग्राम कालीबाड़ी रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-27/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बाई आ. गजाधर निवासी कातरो तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम ...... खाता क्र... भूमि खसरा नं. 944/11 रकबा 0.40 हे. भूमि जो कि आवेदिका मीना बाई अन्य के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर समान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 27.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र- 20211210120006O//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप जीत पिता/पति वल्लभ दास निवासी मकान नं. 947/4 सड़क नं.-3 हिन्द नगर रिसाली भिलाई मौजा कोड़िया प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं 199/2, 200 रकबा 0.060, 0.090 हे. भूमि को विक्रेता/ आममुख्तयार अशोक पिता/पति अमरू राम से दिनांक 16/11/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र- 202112103300055/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शशी आप्टे पति स्व. श्री संजय आप्टे निवासी क्वा. नं. 2-बी सड़क-33 सेक्टर-10 भिलाई दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 8 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 48/9 रकबा 0.0018 हे. भूमिस्वामी संजय आप्टे आ. धरमदार आप्टे के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 23/05/2017 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.01.2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजुलाल साहू आ. स्व. रामाधार साहू निवासी सिकोलाभाठा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम हिर्री प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. व तह. बोरी जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.53 हे. भूमि स्वामी श्री रामाधार आ. शिवचरण के मृत्यु उपरांत उनका नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202112100400187

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पुष्पेन्द्र कुमार जैन आ. दीपचंद जैन निवासी सिकोला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 33/8 रकबा 0.004 हें/ 450 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तम कुमार आ. स्व. कार्तिक राम निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1182, 1197, 1239 रकबा 0.68, 0.46, 0.07 हे. भूमि जो कि सहखातेदार कुमारी बाई पति कार्तिक राम के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु सहखातेदार कुमारी बाई को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 24/12/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

अटल प्रतिज्ञा का परिणाम है छत्तीसगढ़ राज्य : अशोक बजाज

रायपुर/नवप्रदेश। जनता के हृदय की धड़कन को बखूबी समझने वाले राष्ट्रनायक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि 21 वर्ष पूर्व 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का उदय हुआ. उन्होंने 1998 में सप्रेशाला रायपुर के मैदान में जनता के नब्ज को टटोल कर वादा किया था कि यदि आप लोकसभा की 11 में से 11 सीटो में भाजपा को जितायेंगे तो मैं आपको छत्तीसगढ़ राज्य दूंगा. हालाँकि चुनाव में भाजपा को 11 में से 8 सीटें ही मिली लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार पुनः बनी तथा अटल जी पुनः प्रधानमंत्री बन गए. प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने अपनी प्रतिज्ञा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए पहले ही दिन से प्रक्रिया प्रारंभ कर दी. मध्यप्रदेश राज्य पुनर्निर्माण विधेयक 2000 को 25 जुलाई 2000 को लोकसभा में पेश किया गया. इसी दिन दो अन्य राज्यों उत्तराखंड एवं झारखंड राज्य के विधेयक भी पेश हुए. 31 जुलाई 2000 को लोकसभा में और 9 अगस्त को राज्य सभा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी. 25 अगस्त को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो गए. तत्पश्चात 4 सितंबर 2000 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन के बाद 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया. इस प्रकार अटलजी की एक अटल-प्रतिज्ञा पूरी हुई.

वास्तव में राज्य का गठन करना कोई हंसी खेल तो था नहीं. कई वर्षो से लोग आवाज उठा रहे थे. इसके लिए लोग अनेक तरह से आंदोलन भी करते रहे लेकिन राज्य का निर्माण नहीं हो पाया था. यह तो अटलजी की दृढ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि बिना खूनखराबे के राज्य का निर्माण हो गया. छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पहले हम मध्यप्रदेश में थे. मध्यप्रदेश का निर्माण सन 1956 में 1 नवम्बर को ही हुआ था. हम 1 नवम्बर 1956 से 31 अक्टूबर 2000 तक यानी 44 वर्षो तक मध्यप्रदेश के निवासी थे तब हमारी राजधानी भोपाल थी.

इसके पूर्व वर्तमान छत्तीसगढ़ का हिस्सा सेन्ट्रल प्रोविंस एंड बेरार (सी.पी.एंड बेरार) में था तब हमारी राजधानी नागपुर हुआ करती थी. इस प्रकार हमें पहले सी.पी.एंड बेरार, तत्पश्चात मध्यप्रदेश और अब छत्तीसगढ़ के निवासी होने का गौरव प्राप्त हो रहा है. वर्तमान छत्तीसगढ़ में जिन लोगो का जन्म 1 नवम्बर 1956 को या इससे पूर्व हुआ है वे तीन राज्यों में रहने का सुख प्राप्त कर चुके है. परंतु छत्तीसगढ़ राज्य में रहने का अपना अलग ही सुख है.

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद माननीय अटलबिहारी वाजपेयी जी का सन 2001 में जब पहली बार छत्तीसगढ़ आगमन हुआ तब उनका छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में जोशीला स्वागत हुआ था। वे छत्तीसगढ़ के लोगों को किए गये वादे को पूरा करके तथा अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करके आये थे। अतः राज्य की जनता पलक पावड़े बिछाकर उनका इंतजार कर रही थी। उस दिन छत्तीसगढ़-वासियों को उसी प्रकार के आनंद की अनुभूति हो रही थी जिस प्रकार नये राज्य की स्थापना के समय 1 नवम्बर 2000 को हो रही थी।

तमाम स्वागत, अभिनंदन, उमंग और उत्साह के बावजूद एक टीस तो उन्हें थी, अपने अंदाज में उन्होने जनसभा में व्यक्त भी कर दिया। उन्होने उस समय कहा था कि छत्तीसगढ़ की धरती को प्रकृति की अपार कृपा है, यह धरती जल सम्पदा, वन सम्पदा एवं खनिज सम्पदा से परिपूर्ण है, यहाँ की जनता मेहनतकश है. परन्तु इस राज्य को विकास के शिखर तक ले जाने के लिए एक प्रमाणित सरकार की कमी है। अटल जी के इस कथन का प्रभाव यह हुआ कि 2003 में जब नव गठित छत्तीसगढ़ विधानसभा का पहला चुनाव हुआ तो भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला।

डॉ. रमन सिंह प्रथम निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री बने तथा लगातार 15 वर्षो तक भाजपा सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ का तीव्र गति से विकास हुआ। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने का प्रयास हुआ। छत्तीसगढ़ अकाल व पलायन से मुक्त हुआ। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलने लगा। सरप्लस बिजली उत्पादन होने से किसानों को चौबीसों घंटे बिजली मिलने लगी, विद्युत पंपों के जाल बिछ गये। फलस्वरूप खेती लहलहाने लगी, उत्पादन दुगुना हो गया. शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ। कुपोषण व अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष तेज हुआ। सभी गांव बारामासी सड़कों से जुड़ गये। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बहने लगी। गांवों, कस्बों एवं शहरों की तकदीर व तस्वीर बदल गई। इन 15 वर्षों में भाजपा सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में स्थापित हो गया. यह संभव हो पाया तो केवल इसीलिए कि माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक झटके में छत्तीसगढ़ का निर्माण किया है, छत्तीसगढ़ की जनता उनका सदैव ऋणी रहेगी.

न्यूज गैलरी

राज्यपाल से फिल्म कलाकार वीणा शेंद्रे ने साझा किया अपना जीवन संघर्ष

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में फिल्म कलाकार सुश्री वीणा शेन्द्रे ने सौजन्य मुलाकात की। सुश्री शेन्द्रे ने राज्यपाल को अपनी जीवन यात्रा के बारे में जानकारी दी और यहां तक पहुंचने के लिए किए गए संघर्षों के संबंध में विस्तार से बताया। राज्यपाल ने उन्हें इसके लिए बधाई दी और कहा कि वे अपने समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत होने के साथ ही अन्य वंचित वर्गों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

राज्यपाल उईके को अंतागढ़ नया जिला बनाने के संबंध में सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में पूर्व सांसद विक्रम उसेण्डी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग की।

प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि अन्तागढ़ ब्लाक क्षेत्र वर्षो से मूलभूत सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, रोजगार एवं आवागमन की दृष्टि से अति पिछड़ा हुआ है। अंतागढ़ ब्लॉक क्षेत्र वर्तमान में जिला कांकेर में है। अंतागढ़ ब्लॉक क्षेत्र आदिकाल रियासत कालीन परगना व्यवस्था से संचालित होते आ रहा है। परगना क्षेत्र में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संचालन के लिए परगना में मांझी पेनो रिदार पुजारी चालकी गायता-गायत्री है, जिनके माध्यम से परगना क्षेत्र संचालित होता है। कोलर परगना क्षेत्र में अनादिकाल से देवी देवता गढ़ मंडा ऐतिहासिक धरोहर स्थल है। इन देवगढ़ स्थलों में बूमबिदा, बालबिदा, दशहरा बिदा, शेषा चैतराई बीज पूजा के अवसर पर एकत्रित होकर समस्ती जीव जगत की समृद्धि की कामना करते हैं। इन स्थलों में आदिवासी गोड़ समाज के अन्य प्रांत के लोग माथा टेकने आते हैं। कोलर परगना क्षेत्र के कुछ गांवों को नारायणपुर जिला में शामिल होने से आदिकालीन सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संचालित व्यवस्था छिन्न भिन्न होगा। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल से आग्रह किया कि कोलर परगना के कुछ गांवों को यथावत रखते हुए अंतागढ़ को जिला बनाया जाए, ताकि कोलर क्षेत्र कुछ गांव के लोगों को जिला मुख्यालय की दूरी के साथ विभिन्न मूलभूत सुविधाओं संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।

राज्य के पेंशनरों को मिलेगा पुनरीक्षित महंगाई राहत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने राज्य के पेंशनर/परिवार पेंशनरों को पुनरीक्षित दरों के हिसाब से महंगाई राहत स्वीकृत करने के आदेश जारी कर दिए है। वित्त विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेशानुसार एक अक्टूबर 2021 से देय सातवें वेतनमान के मूल पेशन/परिवार पेंशन का पांच प्रतिशत महंगाई राहत में वृद्धि की गई है। वृद्धि उपरांत महंगाई राहत 17 प्रतिशत होगा। इसी तरह एक अक्टूबर 2021 से देय छठवें वेतनमान के मूल पेंशन/परिवार पेंशन का दस प्रतिशत महंगाई राहत में वृद्धि की गई है। वृद्धि के बाद महंगाई राहत 164 प्रतिशत होगा।यह महंगाई राहत अधिवार्षिकी/सेवानिवृत्त/असमर्थता तथा क्षतिपूर्ति पेंशन पर देय होगी। सेवा से हटाए गए कर्मचारियों को स्वीकृत किए गए अनुकम्पा भत्ता पर भी यह महंगाई राहत दी जाएगी। ऐसे मामलों में जहां पेंशन/परिवार पेंशन भोगी राज्य शासन या किसी स्वशासी संस्था में नियुक्त/पुनर्नियुक्त यह उन्हें पेंशन पर महंगाई राहत की पात्रता नहीं होगी। कोई व्यक्ति यदि पति/पत्नि की मृत्यु के समय सेवा में है और उसे अनुकम्पा के आधार पर सेवा में नही रखा गया है तो पति/पत्नि की मृत्यु के कारण देय परिवार पेंशन पर महंगाई राहत की पात्रता होगी।

राज्यपाल से रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद जशपुर के सचिव पालुराम प्रधान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में निवासरत रौतिया जाति को 1931 में हुए जनगणना की सूची में तथा मध्यप्रदेश के राजपत्र में 1950 में बतौर अनुसूचित जनजाति अधिसूचित किया गया था, पर 1956 के भारत के राजपत्र में रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची से विलोपित कर सरल क्रमांक 15 में राठिया जाति को अधिसूचित किया गया है।

क्लीन सिटी रायपुर एप लांच, देख सकेंगे कचरा गाड़ी का लोकेशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वच्छता के क्षेत्र में परचम फहराने के बाद रायपुर नगर निगम इसे राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इसके लिए दिल्ली म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट सॉल्यूशन लिमिटेड रामकी कंपनी ने एक ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप का नाम क्लीन सिटी रायपुर है।

बुधवार को रायपुर नगर निगम में आयोजित प्रेस वार्ता में मेयर एजाज ढेबर, अध्यक्ष प्रमोद दुबे, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष नागभूषण राव सहित रामकी कंपनी के अधिकारियों ने इसकी विस्तृत जानकारी दी।

मेयर ढेबर ने बताया कि रायपुर नगर निगम में दिल्ली म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट सॉल्यूशन लिमिटेड (रामकी) कंपनी द्वारा घर-घर जाकर कचरा संग्रहण एवं प्रसंस्करण किया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे वाहनों की लोकेशन की जानकारी के लिए रामकी कंपनी ने रायपुर का 'क्लीन सिटी' नाम का गूगल एप तैयार किया है।

वाहनों के नहीं पहुंचने की स्थिति में कर सकेंगे शिकायत

यह एक ऐसा एप्लीकेशन है जिसमें रायपुर शहर के आम नागरिक अपने वार्डो में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे वाहनों को ट्रैक सकते हैं। साथ ही साथ उस वाहनों के नहीं आने की स्थिति में शिकायत भी दर्ज कर सकते है।

2022 स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन बनने की पहल

प्ले स्टोर से करें डाउनलोड

क्लीन सिटी रायपुर एप एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए प्ले स्टोर में क्लीन सिटी रायपुर सर्च कर डाउनलोड कर सकते है। इंस्टाल होते ही आपके सामने मोबाईल नम्बर रजिस्टर करने का विकल्प आयेगा, जिसमें 10 अंकों का मोबाईल नम्बर डालकर आप रजिस्टर कर सकते है।

देखा जा सकता है लोकेशन

इसके बाद रजिस्ट्रेशन का पेज खुलेगा जिसमें आपको नाम, देश, राज्य, शहर आदि का नाम दर्ज करना होगा। (आधार नम्बर की आवश्यकता नहीं है)। रजिस्ट्रेशन के बाद आपको लोकेशन की जानकारी मिल जाएगी। पॉइंट सलेक्शन का ऑप्शन आयेगा जिसमें आपको कलेक्शन पॉइंट या रूट चयन करना होगा। इससे आप अपने क्षेत्र में आने वाले वाहनों को देख सकेंगें। इसके बाद होम पेज खुलेगा, जिसमें आप अपने क्षेत्र में आने वाले वाहन का विवरण देख सकेंगें।

शिकायत होंगी दर्ज

इसके साथ ही अगर आपके क्षेत्र में कचरा कलेक्शन गाड़ी नहीं आया है तो आप न्यू कम्प्लेन ऑप्शन में जाकर सब्जेक्ट में दिये विकल्प को चुनें। इसके बाद डिस्क्रिप्शन में आपके वार्ड और क्षेत्र का पता डालकर फोटो अपलोड करके सेव कर सकेंगें। कम्प्लेन की स्थिति जानने के लिये प्रीवियस कम्प्लेन ऑप्शन में जाकर देख सकेंगें। कम्पनी द्वारा प्राप्त कम्प्लेन का त्वारित निराकरण किया जाना अनिवार्य है। इसकी जानकारी आपको इस एप्प में प्राप्त हो सकेगी।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सुन्दर जोगी, जितेन्द्र अग्रवाल, अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियन्ता रघुमणि प्रधान, स्वास्थ्य अधिकारी विजय पाण्डेय, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही, रामकी ग्रुप के स्थानीय अधिकारी योगेश कुमार उपस्थिति थे।

पूर्व मंत्री चंद्राकर के बयान पर कांग्रेस का पलटवार, कहा रमन राज में दुखी थे लग रहा

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के बयान पर करारा जवाब देते हुए प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि अजय चंद्राकर जी हंसी सेहत के लिये अच्छा रहता है और कांग्रेस सरकार में तो सभी तरफ हंसी ठिठोली की गुंज है और ये आपकी हंसी बता रही है कि आप रमन सिंह सरकार में बहुत दुखी थे। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने तो सारी सीमाओं को लांघकर गोधन न्याय योजना का खूब दुष्प्रचार किया था। अजय चंद्राकर को इसमें भी औंधे मुंह गिरना पड़ा। कांग्रेस सरकार का गोधन न्याय योजना सफलता की ऊँचाई छू रही है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर बेचने वाले पशुपालक किसानों को अब तक 116 करोड़ 63 लाख रुपये की राशि का भुगतान किये। गोधन न्याय योजना से ग्रामीण जनजीवन में आई खुशहाली किसानों भूमिहीनों और महिलाओं को हो रही अतिरिक्त आमदनी। प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत कहा है कि भाजपा के नेताओं ने सत्ता में 15 वर्ष रहते हुए गाय को सिर्फवोट मांगने के लिए उपयोग किया और सत्ता में काबिज होने के बाद सब भूल जाते थे.वैसे ही काम नरेंद्र मोदी करते है सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे है. वंदना राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के कार्य में बाधा डालने का काम केन्द्र सरकार के साथ राज्य के बीजेपी नेता करते आ रहे है.और मुद्दे विहिन हो गये बीजेपी नेता चर्चा में बने रहने के लिए जन विरोधी बातें करते रहते हैं।

कच्ची राह हुई पक्की, नीलिमा ने खुद लिखी अपनी तरक्की

- ई-पंजीयन से युवाओं की बढ़ी विकास कार्यों में भागीदारी

रायपुर/नवप्रदेश। मंजिलें उनको मिलती है जिनके सपनों में जान होती है...पंखों से कुछ नहीं होता...हौसलों से उड़ान होती है...कुछ ऐसे ही हौसलों की कहानी है नीलिमा की। रायपुर जिले के आरंग में रहने वाली नीलिमा ने संघर्षों के साथ अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई इसलिये पूरी की थी कि डिग्री के बाद उनकी भी नौकरी पक्की हो जाएगी। पढ़ाई पूरी करने के बाद कई स्थानों में रोजगार तलाशनें की कोशिश जारी रखते हुए नीलिमा की उम्मीदों को पंख तब लगे जब प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार से जोड़ने और विकास कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने छत्तीसगढ़ में ई-श्रेणी पंजीयन प्रणाली लागू की। बेरोजगार नीलिमा ने ई-श्रेणी पंजीयन में अपना भी पंजीयन कराया और लड़की होने के साथ सड़क निर्माण के कार्य में चुनौतियां होने के बाद भी परवाह न करते हुए गांव में पक्की सड़क बनाकर अपनी तरक्की की राह आसान कर ली।

अपनी तरक्की के द्वार खुद खोलने वाली नीलिमा साहू ने बताया कि वर्ष 2016 में बी.ई. की डिग्री हासिल करने के बाद वह लगातार जॉब की तलाश कर रही थी। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद उन्हें उम्मीद थीं कि कहीं न कहीं उसकी जॉब जरूर लग जाएगी। डिग्री होने के बाद भी रोजगार और आमदनी का कोई जरिया नहीं होने से दुःख के साथ चिंता भी होती थी। इस बीच नौकरी की तलाश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करती रही। नीलिमा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने जब प्रदेश के 12 वीं पास से लेकर स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुके बेरोजगार युवकों को लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों में काम देने की घोषणा की तो उसे भी काम मिलने की आस जगी। उन्होंने ई-श्रेणी पंजीयन में अपना नाम रजिस्टर कराया। आखिरकार नीलिमा को मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत आरंग विकासखण्ड के ग्राम रसनी में 13 लाख रुपए और ग्राम नारा में लगभग 8 लाख रुपए का काम मिला। शासकीय स्कूल भवन को मुख्य मार्ग तक जोड़ने नीलिमा ने सड़क बनवाई।

शीतलहर से निपटने सक्रियता से जुटा प्रशासनिक अमला

- जरूरमंदों को बांटे कंबल और मफ्लर
- रैन बसेरों, वृद्धाश्रमों और आश्रय गृहों में की जा रही अतिरिक्त व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। रैन बसेरों, वृद्धाश्रमों और आश्रय गृहों में भी ठंड से बचाने की जा रही अतिरिक्त व्यवस्थादेश के साथ छत्तीसगढ़ में भी शीत लहर का प्रभाव देखा जा रहा है और कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर लोगों को ठंड और शीत लहर से बचाने सक्रियता से प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। जिलों के कलेक्टर भी रात में चौक-चौराहों और सार्वजनिक जगहों पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। समाज कल्याण विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थलों विशेषकर चौक-चौराहों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय आदि में रात्रि के समय अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही स्वयंसेवी, समाजसेवी संस्थाओं, दान-दाताओं की मदद से बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े एवं कम्बल आदि वितरण किया जा रहा है।

सभी शेल्टर होम में की व्यवस्था

रैन बसेरा, वृद्धाश्रम और आश्रय गृहों में भी बुजुर्गो, दिव्यांगों और बच्चों को ठंड से बचाने स्वेटर, शॉल, मंकी कैप, मफ्लर, मोजे, कम्बल प्रदान करने के साथ हीटर और कमरों को ठंड से सुरक्षित बनाने अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों में जरूरतमंद बेसहारा, विक्षिप्त लोगों को कंबल और गर्म कपड़े दिए जा रहे हैं।

सीएम ने दिए निर्देश

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य में कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए जरूरतमंदों के लिए जिलों में आवश्यक उपाय किए जाने और विशेष सर्तकता बरतने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शीत लहर के प्रकोप के चलते जरूरतमंदों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न भागों में शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु जनसामान्य के लिए सलाह जारी की गई है। जांजगीर-चांपा के कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला एवं उनकी धर्मपत्नी अंजू शुक्ला ने जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में जरूरतमंदों को शीतलहर से निजात दिलाने कंबल वितरण किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक टीपी भावे, नगर पालिका जांजगीर नैला के सीएमओ चंदन शर्मा भी उपस्थित थे।

शेखर जैन बने छत्तीसगढ़ के प्रथम आइकॉनिक ट्रेनर

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के बहुमुखी प्रतिभा के धनी, जेसीआई रायपुर कैपिटल के पूर्व अध्यक्ष, जेसी आई मंडल 9 के पूर्व जोन अधिकारी, जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर जैन बन चुके है छत्तीसगढ़ जेसीआई के प्रथम आईकॉनिक ट्रेनर, प्राप्त जानकारी के अनुसार जेसीआई इंडिया द्वारा आइकॉनिक ट्रेनर कांटेस्ट का आयोजन विगत दिनों किया गया जिसमें देशभर के जेसीआई के राष्ट्रीय ट्रेनरो ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में व्यक्तित्व विकास, लाइफस्किल, परेंटिंग आदि विषयों पर प्रतिभागी ट्रेनरो ने ऑनलाइन ट्रेनिंग समय सीमा में दिया एवं इस महत्वपूर्ण ट्रेनिंग का लाभ जेसीआई इंडिया के हजारो सदस्यों ने लिया, साथ ही जूरी सदस्यों ने उनमें से शीर्ष 50 प्रतिभागी ट्रेनर का चुनाव आईकॉनिक ट्रेनर के रूप में किया। इस आईकॉनिक ट्रेनर कॉन्टेस्ट में जेसीआई रायपुर कैपिटल के पूर्व अध्यक्ष शेखर जैन ने भी प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया एवं शीर्ष 50 आईकॉनिक ट्रेन में अपना स्थान बनाने में सफल रहे इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जेसीआई रायपुर कैपिटल परिवार ने उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की साथ ही सुपर चैप्टर ऑफजेसी आई रायपुर के फाउंडर जेफ आर पीपीपी राजेश अग्रवाल ने इसे एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताई है।

बयानबाजी तीन साल में आदिवासी वर्ग की खुशहाली, रोजी, रोजगार के लिए अनेक कार्य हुए छत्तीसगढ़ में : मरकाम

बड़बोले साय भाजपा की 15 निकायों में हार पर कुर्सी छोड़ेंगे क्या?

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि यूपी में कांग्रेस को 15 सीट जीतने का चुनौती देने वाले विष्णुदेव साय क्या छत्तीसगढ़ में 15 नगरीय निकाय में से 5 निकाय जीतने का दावा करेंगे। 15 नगरीय में से 5 निकाय भी भाजपा नहीं जीत पायेगी तो क्या विष्णुदेव साय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी कुर्सी छोड़ेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने आदिवासियों से किए वादों को पूरा किया। तीन साल में आदिवासी वर्ग के हित के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजना बनाई गई। आदिवासियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जल, जंगल, जमीन, उनके कानूनी अधिकारों के लिए काम किया गया है। पूर्व के रमन सरकार के दौरान सबसे ज्यादा पीड़ित, प्रताड़ित और शोषित आदिवासी वर्ग था। आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने के लिए उनके कानूनी अधिकारों का हनन किया गया। आदिवासी वर्ग के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उनके मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी प्रकार से काम नहीं किया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने आदिवासी वर्ग के चहुमुखी विकास के लिए रोजगार मूलक योजनाएं बनाई। बस्तर क्षेत्र में आदिवासी के वर्ग शिक्षा के लिए 300 से अधिक बंद स्कूलों को खोला गया। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए विश्वास, विकास और सुरक्षा के नीतियों के तहत काम किया गया। रमन सरकार के दौरान दस गांवों के 1707 आदिवासी परिवार से छीनी गई 4200 एकड़ जमीन को लौटाई गई, जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों को जेल से मुक्त कराया गया। तेंदूपत्ता का मानक दर 2500 रु से बढ़ाकर 4000 रु प्रति बोरा किया गया, 52 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी की गई, चरणपादुका खरीदने नगद राशि दी गई, बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। 24827 व्यक्तिगत 20,000 से अधिक सामुदायिक व 2200 वन संसाधन पट्टे वितरित किए गए, 16 लाख से अधिक हेक्टर भूमि आदिवासी वर्ग को वितरित किया गया है। 4,38,000 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 44,300 से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 2175 से अधिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को प्रदान की गई। मिलेट मिशन शुरू किया गया और बस्तर के वनोपज को देश-विदेश तक पहुँचाया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान, गन्ना, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, दलहन-तिलहन, फलदार वृक्ष, सब्जी लगाने वाले आदिवासी किसानों को 10,000 रू. प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। बिजली बिल हाफ की सुविधाएं। सिंचाई कर माफकिया गया। बस्तर बटालियन में स्थानीय युवाओं के नौकरी के द्वार खोले गए। एनएमडीसी में स्थानीय स्तर के युवाओं को रोजगार के अवसर दिया गया। आदिवासी वर्ग की बहुप्रतीक्षित मांग आदिवासी विकास प्राधिकरण में नेतृत्व देने की मांग को पूरा किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण, सरगुजा विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से आदिवासी वर्गो के विकास के रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी उन्हीं वर्ग को दी गई पेशा कानून को लागू करने के लिए प्रपोजल मंगाया जा रहे हैं एक मजबूत पेशा कानून बनाया जा रहा है।

संपादकीय

अंतर्कलह से जूझती कांग्रेस

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का संक्रमण काल कुछ ज्यादा ही लंबा चल रहा है। अंतर्कलह से जूझती कांग्रेस को पार्टी में बढ़ रही गुटबाजी का खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। इसी के चलते मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सरकार गिर चुकी है और राजस्थान में भी गहलोत सरकार जब तब संकट में आती रही है। पंजाब का उदाहरण सामने है जहां कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी नई पार्टी बनाकर कांग्रेस के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में चुनौती खड़ी कर दी है। गोवा में भी कांग्रेस अंतर्कलह का शिकार है। कश्मीर में भी गुलाम नबी आजाद को पार्टी में पर्याप्त महत्व न मिलने से कश्मीर के कांग्रेसी बगावत पर उतारू नजर आ रहे है। अब उतराखण्ड में भी कांग्रेस के खण्ड-खण्ड होने का खतरा नजर आ रहा है। उतराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत ने पार्टी नेतृत्व पर सवालिया निशान लगा दिए है। उन्होने उत्तराखण्ड में पार्टी संगठन के कामकाज पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी लगातार कमजोर हो रही है। हरिश रावत के इस बयान के बाद जाहिर है कि उत्तराखण्ड में कांग्रेस की अंतर्कलह और गहरा सकती है। जहां कुछ माह बाद ही चुनाव होने वाले है। दरसअल कांग्रेस आलाकमान पार्टी में गहराते अंतर्कलह और गुटबाजी को दूर करने में उतनी रूची नहीं ले रहा है जो अपेक्षित है। यही वजह है कि पार्टी के भीतर असंतोष उभरने लगा है, एक के बाद एक कई नेता कांग्रेस से किनारा करते जा रहे है जिससे पार्टी और कमजोर हो रही है। इसकी मुख्य वजह यह है कि कांग्रेस पार्टी के भीतर आंतरिक लोकतंत्र खत्म हो रहा है। लंबे समय से पार्टी अध्यक्ष का चुनाव ही नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस जैसी पार्टी का कमजोर पड़ना देशहित में नहीं है। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अतिआवश्यक है ताकि सत्तारूढ़ पार्टी की मनमानी पर अंकुश लगे, किन्तु कांग्रेस चुनाव दर चुनाव हारकर लगातार कमजोर हो रही है जिसकी वजह से अब उसे क्षेत्रिय दलों का पिछलग्गू बनना पड़ रहा है। यह ठीक नहीं है, कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी का राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत रहना जरूरी है ताकि वह सशक्त विपक्ष की भूमिका निभा सके, पार्टी आलाकमान को इसपर गहन चिंतन मनन करना चाहिए।

विचार

असल लोकतंत्र की तलाश में दुनिया

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने लोकतंत्र पर आयोजित जिस शिखर सम्मेलन का खासा प्रचार किया था, वह बिना कोई हलचल मचाए खत्म हो गया। लोकतंत्र को विश्व स्तर पर आकर्षक बनाना अमेरिकी शासनाध्यक्ष की प्राथमिकता रही है। इस लिहाज से लोकतंत्र शिखर सम्मेलन का मकसद मित्रवत लोकतांत्रिक देशों में एकजुटता की अधिकाधिक भावना पैदा करना था। हम फिलहाल ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जिसमें दुनिया के तमाम देशों में लोकतंत्र की बिगड़ती सेहत चिंता का विषय है। चीन के उद्भव ने राजनीतिक संस्थाओं की प्रभावशीलता पर बहस को आज कहीं ज्यादा मौजूं बना दिया है। ऐसे में, कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि तमाम उपलब्ध विकल्पों में लोकतंत्र के सर्वश्रेष्ठ होने जैसे दावे बहुत दिनों तक शायद ही टिके रहें।

बाइडन प्रभावी लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास रखने वाले नेता हैं, और उन्होंने इसी एजेंडे के तहत सम्मेलन का प्रचार किया था। चीन व रूस जैसी एकल सत्तावादी व्यवस्थाओं को किनारे रखते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास रखने वाले विश्व भर के तमाम नेताओं को आपस में मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस वर्ष 6 जनवरी को वाशिंगटन डीसी में कैपिटल कॉम्प्लेक्स पर भीड़ के हमले के संदर्भ में उन्होंने यह तर्क देकर विश्व समुदाय का ध्यान खींचा कि 'अपने लोकतंत्र को बेहतर बनाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका को लगातार प्रयास करना होगा'।

इस शिखर सम्मेलन में 100 से अधिक नेताओं ने शिरकत की। उन्होंने लोकतंत्र के सामने मौजूद भ्रष्टाचार, सामाजिक-आर्थिक असमानता, दुष्प्रचार और प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों की बढ़ती भूमिका जैसी वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की। चीन और रूस की तरफ से नकारात्मक टिप्पणियां भी आईं, और उन्होंने बाइडन प्रशासन को 'शीत युद्ध की मानसिकता बनाए रखने' के लिए जमकर लताड़ा। उनके मुताबिक, बाइडन प्रशासन की नीतियों से वैचारिक टकराव बढ़े हैं और दुनिया भर में तनाव दिखने लगा है।

इस क्रम में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी तो एक कदम और आगे बढ़ गई। उसने लोकतंत्र पर एक इंटरनेशनल फोरम का आयोजन किया, जिसमें उसने दावा किया कि वही ऐसा 'लोकतांत्रिक मुल्क है, जो कारगर है। ऐसा इसलिए, क्योंकि वही एकमात्र लोकतंत्र है, जो प्रक्रिया-उन्मुख लोकतंत्र को परिणाम-उन्मुख लोकतंत्र से, प्रक्रियात्मक लोकतंत्र को वास्तविक लोकतंत्र से, प्रत्यक्ष लोकतंत्र को अप्रत्यक्ष लोकतंत्र से और लोगों के लोकतंत्र को राष्ट्र की इच्छा से जोड़ता है'। उसने चाइना : डेमोक्रेसी दैट वर्क्स नामक एक श्वेतपत्र भी जारी किया, जिसमें कहा गया है कि लोकतंत्र का कोई स्थायी मॉडल नहीं है।

यह खुद को कई रूपों में प्रकट करता है। लिहाजा, संसार भर की सभी राजनीतिक व्यवस्थाओं और विविध राजनीतिक संरचनाओं का एक ही मापदंड से आकलन करना ही अपने आप में अलोकतांत्रिक है।

विडंबना यह है कि लोकतंत्र के अर्थ पर यह टकराव तब हो रहा है, जब चीन विश्व व्यापार संगठन, यानी डब्ल्यूटीओ में शामिल होने के दो दशक पूरा कर चुका है।

काशी विश्वनाथ धाम : हमारी जीवंत विरासत को सम्मान

अनुराग सिंह ठाकुर
केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल और सूचना व प्रसारण मंत्री

कई अन्य बातों के अलावा, ऐतिहासिक रूप से लूट और विध्वंस उपनिवेशवाद के मुख्य उपकरण और उद्देश्य, साधन एवं साध्य रहे हैं। स्वाभाविक रूप से, धन, ज्ञान और पुरातत्व के खजाने से लैस सभ्यताएं इस किस्म के बर्बर जमाखोरों के लिए प्रमुख आकर्षण थीं। आइए, एक फिर काशी की ओर लौटें। यह पौराणिक प्राचीन शहर लगातार लूटपाट का शिकार रहा है। यहां हुए विध्वंस और विनाश, इस बात के पर्याप्त संकेत देते हैं कि एक समय यह कितना शानदार शहर रहा होगा। यह तथ्य दुनिया भर के संग्रहालयों और निजी संग्रहों में बिखरे पड़े काशी के गौरवशाली पुरावशेषों के नमूनों से भी प्रमाणित होता है। सामान्य रूप से काशी शहर और विशेष रूप से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को अतीत में कई बार ध्वस्त किया गया और इनका पुनर्निर्माण हुआ। प्रारंभ में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को घुरिद तुर्क सुल्तान कुतुब-उद-दीन ऐबक ने नष्ट किया था और फिर बाद में गुजरात के एक व्यापारी ने इसे पुनर्निर्मित किया था।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम का उद्घाटन किया। यह अनूठी परियोजना, काशी जैसे सभ्यता के प्रतीक शहर और ऐतिहासिक काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए सर्वथा उपयुक्त है। काशी के महत्व और प्राचीनता के बारे में मार्क ट्वेन ने लिखा था, ÷बनारस इतिहास से भी पुराना है, परंपरा से भी पुराना है, पौराणिक कथाओं से भी पुराना है और इन सभी को मिलाने से जितनी प्राचीनता हो सकती है, यह शहर उससे भी दोगुना प्राचीन है।

परियोजना के उद्घाटन के साथ, प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व के सबसे प्राचीन जीवित शहरों में से एक और हिंदू धर्म तथा सदियों पुरानी हमारी सभ्यता के केंद्र, काशी या वाराणसी को दुनिया को फिर से समर्पित किया। प्राचीनता और निरंतरता का अद्भुत मिश्रण, काशी पूरी मानवता की धरोहर है।

इसे दुनिया का सबसे प्राचीन व एक ऐसा शहर माना जाता है, जो सदियों से लोगों का निवास-स्थान रहा है। जहां दुनिया के अन्य प्राचीन शहर साम्राज्यवादी और औपनिवेशिक हमलों में ध्वस्त हो गए, वहीं काशी अपने विशिष्ट उत्साह के साथ गतिमान है। यह शहर को वास्तव में महत्वपूर्ण और अद्वितीय बनाता है। अपनी निरंतरता के माध्यम से, यह शहर बर्बर आक्रमणों और हमलों के बावजूद अपनी सांस्कृतिक, कलात्मक और शैक्षिक पहचान को बनाए रखने के लिए अपनी दृढ़ सहनशीलता का परिचय देता है।

काशी विश्वनाथ धाम, इस शहर पर हुए अत्याचार से भरे अतीत से ऊपर उठने की एक पवित्र प्रतिज्ञा को दर्शाता है। दूसरे शब्दों में, यह इस भूमि की सदियों पुरानी आध्यात्मिक, शैक्षिक और रचनात्मक विरासत को फिर से जीवंत करने का एक विनम्र प्रयास है। इस धाम के रूप में इतिहास ने नया मोड़ लिया है। इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ है कि एक हजार साल के अन्याय को, बिना किसी विनाश, लूटपाट या बदले की भावना के, समाप्त करते हुए पहले जैसी स्थिति प्राप्त की गयी है। इसे केवल निर्माण और सृजन के माध्यम से हासिल किया गया है।

काशी को युगों से मुक्ति की नगरी के रूप में जाना जाता रहा है। हर जगह से लोग मुक्ति की खोज में काशी की ओर खिंचे चले आते हैं। हालांकि यह परियोजना स्वयं काशी की मुक्ति का उत्सव मनाने का एक प्रयास है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण और प्रयासों ने काशी विश्वनाथ मंदिर के सदियों पुराने गौरव को पुनः स्थापित किया है। काशी विश्वनाथ धाम संपूर्ण मानवता के लिए एक परियोजना है क्योंकि यह सभ्यता की निरंतरता का एक उत्सव है। इस दृष्टि से, यह पूरी दुनिया के लिए एक परियोजना है। यह हिंदू देवालय भगवान ब्रह्मा- ब्रह्मांड के रचयिता, भगवान विष्णु- ब्रह्मांड के रक्षक और भगवान शिव - ब्रह्मांड के मुक्तिदाता- की पवित्र त्रिमूर्ति को मान्यता प्रदान करता है। काशी अत्यधिक श्रद्धा जगाती है क्योंकि यह भगवान शिव के विभिन्न निवासों में से एक है। यही काशी का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है।



इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, ÷भारत और दुनिया के कई देशों के लिए कई पीढ़ियों तक उपनिवेशवाद की बेड़ियों में रहना एक मजबूरी थी। भारत की आजादी के बाद से, पूरी दुनिया में एक उत्तर-औपनिवेशिक काल शुरू हुआ और कई देश आजाद हुए। आज दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो किसी दूसरे देश के उपनिवेश के रूप में मौजूद हो। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि औपनिवेशिक मानसिकता का अस्तित्व समाप्त हो गया है।÷

इसलिए, कई पीढ़ियों तक उपनिवेशवाद झेलने वाली मानवता के लिए यह आवश्यक है कि वह स्वयं को उपनिवेश से मुक्त करे, आजाद हो और फिर से आगे बढ़े।

कई अन्य बातों के अलावा, ऐतिहासिक रूप से लूट और विध्वंस उपनिवेशवाद के मुख्य उपकरण और उद्देश्य, साधन एवं साध्य रहे हैं। स्वाभाविक रूप से, धन, ज्ञान और पुरातत्व के खजाने से लैस सभ्यताएं इस किस्म के बर्बर जमाखोरों के लिए प्रमुख आकर्षण थीं।

आइए, एक फिर काशी की ओर लौटें। यह पौराणिक प्राचीन शहर लगातार लूटपाट का शिकार रहा है। यहां हुए विध्वंस और विनाश, इस बात के पर्याप्त संकेत देते हैं कि एक समय यह कितना शानदार शहर रहा होगा। यह तथ्य दुनिया भर के संग्रहालयों और निजी संग्रहों में बिखरे पड़े काशी के गौरवशाली पुरावशेषों के नमूनों से भी प्रमाणित होता है।

सामान्य रूप से काशी शहर और विशेष रूप से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को अतीत में कई बार ध्वस्त किया गया और इनका पुनर्निर्माण हुआ। प्रारंभ में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को घुरिद तुर्क सुल्तान कुतुब-उद-दीन ऐबक ने नष्ट किया था और फ्रि बाद में गुजरात के एक व्यापारी ने इसे पुनर्निर्मित किया था। इस मं?दि?र के विध्वांस और पुनर्निर्माण की कहानी वर्ष 1780 तक जारी रही, जब एक किंवदंती के अनुसार, भगवान शिव महान मराठा रानी अहिल्याबाई होल्कर के सपने में आए एवं वह भगवान शिव की परम भक्त बन गई और फ्रि उन्होंने इस मंदिर का पुनर्निर्माण किया। एक अन्य किंवदंती के अनुसार, इस शहर पर किए गए हमले ने ही महान छत्रपति शिवाजी महाराज को तलवार उठाने के लिए प्रेरित किया था। यह कहा जाता है कि औरंगजेब द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर के विध्वंस ने शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई को इतना क्रोधित कर दिया था कि उन्होंने उन्हें मुगल के नियंत्रण वाले एक किले सिंहगढ़ पर कब्जा करने की चुनौती दे डाली। इसके बाद क्याम हुआ वह सर्वविदित है।

मंदिर परिसर का पुनर्निर्माण न केवल औपनिवेशिक प्रभाव से बाहर निकलने की दिशा में एक और अहम कदम है, बल्कि यह बर्बरता पर सभ्यता की प्रधानता, ज्ञान के केंद्र की पुनर्स्था पना और क्रूरता के स्था्न पर श्रद्धा का भाव जागृत होने का भी ठोस प्रतीक है। यह परियोजना पूर्ण सामंजस्य सुनिश्चित करते हुए रचनात्मक दृष्टिकोण के जरिए इन प्रशंसनीय लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक अभिनव प्रयास है। यह पूरी मानवता के लिए गहन चिंतन-मनन करने और इसके साथ ही, यदि संभव हो सके, तो अनुसरण करने का भी एक उत्कृसष्ट उदाहरण है। मेरी मंगल कामना है कि हमारी काशी ठीक इसी तरह से आगे भी निरंतर फ्लती-फूलती रहे एवं समृद्ध होती रहे और इसके साथ ही भगवान शिव हम सभी को अपनी दिव्यता एवं महिमा प्रदान करें।

हाथी वोट नहीं देते इसलिए परेशान हाल हैं

नरविजय यादव

रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 14 हाथी मारे गए, वहीं अन्य दुर्घटनाओं में 162 हाथियों की जान चली गयी। करंट लगने से 54 और हाथियों की मौत हो गयी। विशेष रूप से, शहरीकरण के चलते हाथियों के नैसर्गिक निवास स्थलों पर निर्माण कार्य होने लगे हैं, जिससे मानव-हाथी संघर्ष की स्थितियां बनती हैं। राज्य सरकार हाथी संरक्षण में विफ्ल रही है, इसीलिए उड़ीसा को भारत के हाथियों का कब्रिस्तान तक कहा जाने लगा है। मनुष्यों की मौत के लिए हमेशा हाथियों को दोष देना ठीक नहीं है। 1979 में, उड़ीसा में 2,044 हाथी थे, 2017 की जनगणना के अनुसार वहां अब हाथियों की संख्या 1,976 है। वे जहां रहते थे उन जंगलों को छोड़ने के लिए मजबूर होते गये।

एक क्रोधित हाथी का वीडियो देखकर मुझे देहरादून से ऋषिकेश जाने वाली सड़क याद आ गयी, जहां अनेक स्थानों पर बोर्ड लगे हुए हैं- सावधान, धीमी गति से चलें। यह हाथियों के गुजरने का मार्ग है। वीडियो असम के धुबरी जिले का था, जहां तामारहट गांव में एक जंगली हाथी धान के खेतों में घुस आया था। उसने कनक राय नाम के एक 30 वर्षीय युवक को दौड़ा कर पटक दिया। घायल युवक का इलाज चल रहा है। असम में करीब 6000 जंगली हाथी हैं। वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार, राज्य में 2010 से 2019 के बीच हाथियों और मनुष्यों के बीच टकराव के कारण 249 हाथियों और 761 मनुष्यों की मृत्यु हो चुकी है। राज्य में 65 प्रतिशत से ज्यादा वनभूमि पर खेती होने लगी है या आबादी बस गयी है। जाहिर है कि हाथियों को रहने घूमने के लिए पर्याप्त जंगल नहीं बचे हैं। ऐसे में वे गांवों और खेतों की ओर निकल आते हैं, जिससे टकराव की स्थिति बन जाती है। देश के बाकी राज्यों में भी हालात ठीक नहीं हैं।

उड़ीसा के वन एवं पर्यावरण मंत्री बिक्रम केशरी अरुख ने राज्य विधानसभा में जानकारी दी कि गत पांच वर्षों में विभिन्न कारणों से राज्य में 406 हाथियों की मौत हुई है। रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 14 हाथी मारे गए, वहीं अन्य दुर्घटनाओं में 162 हाथियों की जान चली गयी। करंट लगने से 54 और हाथियों की मौत हो गयी। विशेष रूप से, शहरीकरण के चलते हाथियों के नैसर्गिक निवास स्थलों पर निर्माण कार्य होने लगे हैं, जिससे मानव-हाथी संघर्ष की स्थितियां बनती हैं। राज्य सरकार हाथी संरक्षण में विफ्ल रही है, इसीलिए उड़ीसा को भारत के हाथियों का कब्रिस्तान तक कहा जाने लगा है। मनुष्यों की मौत के लिए हमेशा हाथियों को दोष देना ठीक नहीं है। 1979 में, उड़ीसा में 2,044 हाथी थे, 2017 की जनगणना के अनुसार वहां अब हाथियों की संख्या 1,976 है। वे जहां रहते थे उन जंगलों को छोड़ने के लिए मजबूर होते गये। छोटे समूहों में बंट गये और कई अन्य जिलों में फैल गये हैं। भारत में लगभग 27,300 जंगली हाथी हैं, जो एशियाई हाथियों की दुनिया भर की आबादी का 50 प्रतिशत से अधिक है। पहले अवैध शिकार से जंगली हाथियों को खतरा था, अब बिजली के तारों से हाथियों की मौत हो रही है। केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय के अनुसार, 2014 से 2020 के बीच 474 हाथियों को बिजली का करंट लगा था। करंट लगने से असम में 90, उड़ीसा में 73, तमिलनाडु में 68, कर्नाटक में 65 और केरल में 24 हाथी मारे गये। उत्तरी पश्चिम बंगाल में मानव-हाथी संघर्ष और रेलवे दुर्घटनाओं के कारण हाथियों की मृत्यु हो रही है। हाथी वोट बैंक नहीं हैं, इसीलिए राजनीतिक दलों को उनकी समस्याओं से वास्ता नहीं है। सरकारें समस्याएं खड़ी करती हैं, या सुलझाती नहीं हैं, जिससे मनुष्यों और हाथियों के बीच संघर्ष के हालात पैदा होते हैं। हाथियों को हर रोज भारी मात्रा में हरे चारे की जरूरत होती है। जंगल न बचने के कारण जब वे खेतों की ओर रुख करते हैं तो मनुष्यों के साथ उनका संघर्ष हो जाता है। हाईवे, एक्सप्रेसवे, रेल मार्ग और नहरें बनाते समय हाथियों के आवागमन का रास्ता छोड़ना आवश्यक है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

भारत में लगभग 27,300 जंगली हाथी हैं, जो एशियाई हाथियों की दुनिया भर की आबादी का 50 प्रतिशत से अधिक है। पहले अवैध शिकार से जंगली हाथियों को खतरा था, अब बिजली के तारों से हाथियों की मौत हो रही है। केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय के अनुसार, 2014 से 2020 के बीच 474 हाथियों को बिजली का करंट लगा था। करंट लगने से असम में 90, उड़ीसा में 73, तमिलनाडु में 68, कर्नाटक में 65 और केरल में 24 हाथी मारे गये। उत्तरी पश्चिम बंगाल में मानव-हाथी संघर्ष और रेलवे दुर्घटनाओं के कारण हाथियों की मृत्यु हो रही है। हाथी वोट बैंक नहीं हैं, इसीलिए राजनीतिक दलों को उनकी समस्याओं से वास्ता नहीं है। सरकारें समस्याएं खड़ी करती हैं, या सुलझाती नहीं हैं, जिससे मनुष्यों और हाथियों के बीच संघर्ष के हालात पैदा होते हैं। हाथियों को हर रोज भारी मात्रा में हरे चारे की जरूरत होती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भीड़ एक ऐसा

भीड़ एक ऐसा घातक हथियार है जिस पर कोई भी सरकार प्रतिबंध नही लगा सकती कोई मुझे यदि कहे कि भीड़ द्वारा जबर्दस्ती को रोकने सेना या पुलिस है तो मुझसे ज्यादा वो ही जानते होंगे कि सेना या पुलिस की भी मौजूदगी में भीड़ क्या क्या कर डालती है।

- संत आर थवाईत

तेरे गम से कब मैं आजाद रही थोड़े

तेरे गम से कब मैं आजाद रही थोड़े आंसू थोड़े दर्द के साथ रही रिश्तों के दस्तूर होते कहां एक से यहां कोई जीता उन्मुक्त खुला आसमान और किसी के हिस्से खिड़की भर उजाले हैं।

- बबली सिन्हा

खास पाती

फैसला आवाम का दीखता रहा

फैसला आवाम का दीखता रहा सरकार में खुश है रोटी लिपट कर आज़ के अखबार में उल्फ्तों के शहर में हम तुम बेगाने हो गये इश्क़ खाली पेट सोया ना बिका बाजार में हमनें पूछा जिंदगी से बंदगी किसकी करे काबा नें आंखें तरेरीं राम जी के प्यार में सोने की लंका जलाते अमित विक्रम जायेंगे कांपेगा दशशीश का सिर एक ही हुंकार में नाँव पहुंचीं ना किनारे रात भी ढ़लने को है मंजिल नें बाजुओं की ली खबर मझधार में साथ चल सकते तो थे किन्तु परंतु छोड़कर पटरियों से हम बिछे वह दौड़ते रफ़्तार में आंख नें काजल चुराया खुदकुशी की नूर नें फ्र्क मिटता जा रहा है इश्क़ और व्यापार में। **- नरेंद्र पाण्डेय**

हसरत जब रुख्सार से बातें

हसरत जब रुख्सार से बातें करती है बीनाई दीदार से बातें करती है एक यही अंदाज जुदा है बस उसका रूठ के भी वो प्यार से बातें करती है दो दिन घर में तन्हा रह कर जान गया खिडकी भी दीवार से बातें करती है इश्क़ कहां होता है सच्चा जानते हो? रूह जहां किरदार से बातें करती है दरिया के तूफ्न से वो क्युं डर जाये जो कश्ती मंझधार से बातें करती है जीवन के इस रेस में हमने देखा है मौत सदा रफ्तार से बातें करती है। **- राजीव कुमार**

दे गया है दवा में ज़हर वो

दे गया है दवा में ज़हर वो बेवफ़ हो गया इस क़दर वो अब गुनाहों से डरता नहीं है खुद हुआ है खुदाया का दर वो हो गया है जुदा फि भी दिल के कोने कोने में करता बसर वो याद बाहों में आकर के लिपटी भूल शायद गया अपना घर वो याद तो उसने मुझको किया है इस लिए ढूँढता अब शजर वो। **-नीरू श्रीवास्तव**

परिवर्तित संसार में गर्व करो

परिवर्तित संसार में, गर्व करो मत मीत। अकड़न को देती बदल, सिकुड़न वाली शीत। व्याप्त रहे वातावरण, जितनी शीतल वायु। उतनी ही लगती हमें, शीतकाल दीर्घायु। शीतकाल के सूर्य में, कैसा यह बदलाव। उतना भी जलता नहीं, जितना जले अलाव। बना दिया है शीत ने, पानी को भी बर्फ़ सभी जगह पर लिख दिया, उसने अपने हर्फ़ शीतकाल ने ले लिया, जब से भीषण रूप। बड़ी सुहानी लग रही, तब से कोमल धूप।

- भाऊराव महंत

साल बीता, कठिन काल बीता

साल बीता, कठिन काल बीता नहीं हाय! पगली को आया सलीका नहीं। आपके पांव की छाप मिट जाएगी, बस यही सोचकर द्वार लीपा नहीं।

- इति शिवहरे

अगहन पुन्नी के प्रगटे हे अग्नि

अगहन पुन्नी के प्रगटे हे अग्नि स्वरूप ज्योतिर्लिंग ब्रम्हा विष्णु लड़त रहिन जब बीच म उन गइन निंग बताइन फेर उंकर करम के लेखा अउ देइन सत् ज्ञान मूल तत्व तो केवल मैं तुमन काबर रखथौ अभिमान।

- कवि सशील भोले

तुमको तुम्ही से चुरा लूँ इज़ाज़त

तुमको तुम्ही से चुरा लूँ इज़ाज़त हो तो कहो ना तुम्हारी ख़ामोशी को होठो पर अपने सजालूँ इज़ाज़त हो तो कहो ना तुम्हारे ख्वाब इन आँखों में सजा लूँ इज़ाज़त हो तो कहो ना कहो ना।।

- सविता वर्मा गजल

QUIZ TIME

1) 'मैं मुसलमानों का गोखले बनना चाहता हूँ' किसने कहा था?
2) 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था?
3) भारतीय स्टेट बैंक ने किस एनबीएफसी को अपना राष्ट्रीय कॉर्पोरेट व्यापार संवाददाता चुना है?
4) सिक्किल आर.भास्करन किस वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार थे?
5) वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मोहम्मद अली जिन्ना (2) 1871 (3) पेटीएम (4) वायलिन (5) साइरस पूनावाला

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1465 - विजयनगर के शासक वीरूपक्ष द्वितीय तेलीकोटा की लडाई में अहमदनगर, बीदर, बीजापुर और गोलकुंडा की संयुक्त सेना से पराजित हुए। 1672 - खगोलविद जियोवनी कैसिनी ने शनि के उपग्रह 'रिया' की खोज की। 1894 - रवीन्द्रनाथ टैगोर ने पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में पूस मेले का उद्घाटन किया। 1901 - शांतिनिकेतन में ब्रह्मचर्य आश्रम को औपचारिक रूप से खोला गया। 1902 - चौधरी चरण सिंह, भारत के सातवें प्रधानमन्त्री। 1912 - नयी दिल्ली को देश की राजधानी घोषित करने के वास्ते वायसराय लार्ड हार्डिंग द्वितीय ने हाथी पर बैठकर शहर में प्रवेश किया लेकिन इस दौरान एक बम विस्फोट में वह घायल हो गए। 1914 - प्रथम विश्व युद्धः ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंची। 1921 - विश्व-भारती विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ। 1922 - बीबीसी रेडियो ने दैनिक समाचार प्रसारण शुरू किया। 1926 - आर्य समाज प्रचारक एवं विद्वान् स्वामी श्रद्धानंद की हत्या। 1976 - सर शिवसागर रामगुलाम द्वारा मॉरिशस में सरकार का गठन। 1969 - चांद पर से लाए गए पत्थरों को राजधानी में आयोजित एक प्रदर्शनी में रखा गया। 1995 - हरियाणा के मंडी डाबवाली इलाके में स्थित एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान आग लगने से 360 लोगों की मौत। 2000 - न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया को हराकर विश्व महिला क्रिकेट ख़िताब जीता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर बदलकर कोलकाता किया गया।

आवाज के जादू से श्रोताओं को दीवाना बनाया नूरजहां ने

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में मल्लिका-ए-रन्नुम के नाम से मशहूर पार्श्वगायिका अल्लाह वासी उर्फनूरजहां को ऐसी शख्सियत के तौर पर शुमार किया जाता है, जिन्होंने अपनी आवाज की जादू से श्रोताओं को दीवाना बना दिया। पंजाब के एक छोटे से कस्बे कसुर में एक मध्यम वर्गीय परिवार में जब नूरजहां का 21 सितंबर 1926 को जन्म हुआ तो नवजात शिशु के रोने की आवाजको सुन बुआ ने कहा इस बच्ची के रोने में भी संगीत की लय है। नूरजहां के माता-पिता थियेटर में काम किया करते थे। घर में फिल्मी माहौल के कारण नूरजहां का रूझान बचपन से ही संगीत की ओर हो गया था। नूरजहां ने यह निश्चय किया कि बतौर पार्श्वगायिका अपनी पहचान बनायेगी। उनकी माता ने नूरजहां के मन मे संगीत के प्रति बढ़ते रूझान को पहचान लिया। उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया और उनके लिये संगीत सीखने की व्यवस्था घर पर ही करा दी।

नूरजहां ने अपनी संगीत की प्रारंभिक शिक्षा कजानबाई से और शास्त्रीय संगीत की शिक्षा उस्ताद गुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बडे गुलाम अली खान से ली थी । वर्ष 1930 में नूरजहां को इंडियन पिक्चर के बैनर तले बनी एक मूक फिल्म 'हिन्द के तारे' में काम करने का मौका मिला। इसके कुछ समय के बाद उनका परिवार पंजाब से कोलकाता चला आया। इस दौरान उन्हें करीब 11 मूक फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिला। वर्ष 1931 तक नूरजहां ने बतौर बाल कलाकार अपनी पहचान बना ली थी। वर्ष 1932 में प्रदर्शित फिल्म 'शशि पुन्नु' नूरजहां के सिने कैरियर की पहली टॉकी फिल्म थी। इस दौरान नूरजहां ने कोहिनूर यूनाईटेड आर्टिस्ट के बैनर तले बनी कुछ फिल्मों मे काम किया।

फिल्म 'गणपत' की शूटिंग के दौरान टाइगर श्राफ को लगी चोट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ को फिल्म 'गणपत' की शूटिंग के दौरान चोट लग गयी।

टाइगर अक्सर अपनी फिल्मों से जुड़े अपडेट भी फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। टाइगर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म गणपत की शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर कर जानकारी दी है कि शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गयी है। फोटो में देखा जा सकता है कि टाइगर की आंख में चोट लगी है। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर टाइगर ने कैप्शन लिखा, गणपत के फाइनल काउंट डाउन से पहले ये हो गया।

गौरतलब है कि विकास बहल के निर्देशन में बन रही फिल्म 'गणपत' में टाइगर श्रॉफ के साथ कृति सैनन भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म अगले साल 2022 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

राउडी राठौर के सीक्वल में काम करेंगे अक्षय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार अपनी सुपरहिट फिल्म राउडी राठौर के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली ने अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा को लेकर सुपरहिट फिल्म राउडी राठौर बनायी थी। अब राउडी राठौर का सीक्वल भी बनाया जा सकता है। सुपरहिट फिल्म बाहुबली के राइटर केवी विजयेंद्र प्रसाद ने राउडी राठौर के सीक्वल स्क्रिप्ट लिख रहे हैं। संजय लीला भंसाली ने उन्हें सीक्वल की स्क्रिप्ट लिखने के लिए अप्रोच किया था।

चर्चा है कि अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा राउडी राठौर 2 में भी काम करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म की शूटिंग 2022 में शुरू हो जाएगी।

जीरो पर गर्व महसूस करते हैं आनंद एल राय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय अपनी फिल्म जीरो पर गर्व महसूसस करते हैं।

आनंद एल राय ने शाहरुख खान, कैटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा को लेकर वर्ष 2018 में फिल्म 'जीरो' बनायी थी।

यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गयी थी।आनंद एल राय ने फिल्म 'जीरो' के बारे में कहा, 'मुझे लगा था कि 'जीरो' अच्छे से टेकऑफ करेगी लेकिन उसकी लैंडिंग गड़बड़ हो गई। मैं लैंड नहीं कर पाया। इसके बाद इसकी क्रैश लैंडिंग हुई। लेकिन मुझे अपनी फिल्म पर गर्व है क्योंकि मैंने उस फिल्म से काफी कुछ सीखा है।÷

आनंद एल राय अपनी आने वाली फिल्म 'अतरंगी रे' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अक्षय कुमार, सारा अली खान और धनुष के मुख्य किरदारों वाली यह फिल्म ओटीटी प्लैटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी।

रकुल प्रीत सिंह ने पूरी की छतरीवाली की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म छतरीवाली की शूटिंग पूरी कर ली है। रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती है। वह अपनी आगामी फिल्मों से जुड़े अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। रकुल ने अपनी आगामी फिल्म 'छतरीवाली' की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म की शूटिंग खत्म होने की जानकारी रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर और वीडियो शेयर कर दी है। इस सेलिब्रेशन वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, ÷बीती रात खुशी से भरी भावनाओं का एक बैग था। मैं कुछ ऐसा बनाने के लिए खुश और संतुष्ट हूं, जिसमें मैंने खूब मस्ती की और उसका आनंद लिया। फिल्म छतरीवाली की यात्रा बेहद आसान रही है।

न्यूज गैलरी

सीतारमण ने की अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। श्रीमती सीतारमण ने वर्चुअली आयोजित इस बैठक में वर्ष 2022-23 के आम बजट की तैयारियों से पहले अर्थशास्त्रियों के साथ चर्चा की। इस बैठक में वित्त सचिव टी वी सोमनाथन, दिपम सचिव तुहिन कांत पांडेय, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, कंपनी मामलों के सचिव राजेश वर्मा के साथ ही प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

पेट्रोल और डीजल में 48 वें दिन टिकाव

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी के बावजूद आज लगातार 48 वें दिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में स्थिरता बनी रही। दिल्ली में गत दो दिसंबर को वैट में कमी किये जाने के कारण पेट्रोल की कीमतें करीब आठ रुपये प्रति लीटर कम हुआ था और उसके बाद से दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। आज सिंगापुर में लंदन ब्रेंट क्रूड 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 74.23 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.45 प्रतिशत उटरकर 7.44 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की थी।

हमारे कोचों को लताड़ा जाना अच्छी बात नहीं : एल्गर

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान डीन एल्गर टीम के कोचों और प्रबंधन के समर्थन में खड़े दिखे, जिनके बारे में उनका मानना ??है कि उन्हें वह समर्थन नहीं मिला जिसके वे हक़दार हैं।

एल्गर की टिप्पणी दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक ग्रीम स्मिथ और उनके मुख्य कोच मार्क बाउचर के आचरण की औपचारिक जांच शुरू करने के क्रिकेट साउथ अफ़्रीका के फ़ैसले के मद्देनजर आई है।

तेजी जारी, सेंसेक्स 612 अंक और निफ्टी 185 अंक उछला

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर चौतरफा लिवाली के बल पर शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी बनी रही है और इस दौरान सेंसेक्स 612 अंक और निफ्टी 185 अंक चढ़ गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 611.55 अंक चढ़कर 569730.01 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 184.60 अंक बढ़कर 16955.45 अंक पर रहा। बीएसई में छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.47 प्रतिशत बढ़कर 24395.10 अंक पर और स्मॉलकैप 1.66 प्रतिशत बढ़कर 28332.09 अंक पर रहा।

बीएसई में सभी समूह हरे निशान में रहे। इस दौरान रियल्टी में सबसे अधिक 2.93 प्रतिशत , इंडस्ट्रीयल 2.04 प्रतिशत, एनर्जी 2.02 प्रतिशत और सीजी में 2.01 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई में कुल 3446 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2435 बढ़त में और 905 गिरावट में रहे जबकि 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 0.16 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 प्रतिशत और जर्मनी का डेक्स 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि चीन का शंघाई कंपाजिट 0.07 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.12 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 280 अंकों की तेजी के साथ 56599.47 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 56471.03 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन लिवाली के बल पर यह 56989.01 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 56319.01 अंक की तुलना में 611.55 अंक अर्थात 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56930.56 अंक पर रहा। एनएसई का निफ्टी 95 अंकों की तेजी के साथ 16865.55 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 16971 अंक के उच्चतम स्तर और बिकवाली के कारण 16819.50 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 16770.85 अंक की तुलना में 1.1 प्रतिशत अर्थात 184.60 अंक बढ़कर 16955.45 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 42 बढ़त में और आठ गिरावट में रही।

एमवे ने वैश्विक विकास को गति देने के लिए भारत पर बड़ा दांव खेला-मिलिंद

रायपुर। दुनिया की नंबर एक डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे भारत में उद्यमियों के अपने फलते-फूलते समुदाय के साथ-साथ अपने पोषण और कल्याण पोर्टफोलियो द्वारा संचालित अपने विकास पथ को जारी रखे हुए है। कंपनी अब अगले स्तर के परिवर्तन के लिए एकदम तैयार है और वैश्विक सीईओ मिलिंद पंत द्वारा तैयार की गई विकास रणनीति पर निरंतर आगे बढ़ रही है। उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य एवं कल्याण श्रेणी में दीर्घकालिक मूल्य निर्मित करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एमवे ने नवप्रवर्तन और विज्ञान,

डिजिटल प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 2024 तक 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का वैश्विक निवेश लक्ष्य निर्धारित किया है। एमवे जिन 100 से अधिक बाजारों में अपनी सेवाएं प्रदान करती है, उनमें से भारत प्रमुख विकास बाजारों में से एक है। अपने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और कल्याणकारी उत्पादों तथा अद्वितीय व्यावसायिक अवसरों के लिए सुविख्यात एमवे ने बाजार में 2 दशकों से भी अधिक के संचालन के साथ भारत में मजबूती से पैर जमा लिए हैं। प्रमुख उद्यमी नेतृत्व वाली इस स्वास्थ्य और कल्याण कंपनी ने शुरुआत में भारत में अनुसंधान और विकास, विनिर्माण स्वचालन, नवप्रवर्तन और विज्ञान को बढ़ावा देने तथा डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक के निवेश की घोषणा की थी।

मार्नस लाबुशेन पहली बार बने टेस्ट के नंबर-1 बल्लेबाज़

दुबई (वार्ता)। मार्नस लाबुशेन और बाबर आज़म ने टेस्ट और टी20 अंतर्राष्ट्रीय की बल्लेबाज़ी रैंकिंग में नंबर-1 का स्थान हासिल कर लिया है। लाबुशेन ने एशेज़ में जहां अब तक कमाल का प्रदर्शन किया है तो बाबर ने हाल ही में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ खेली गई घरेलू टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ के तीसरे और आखिरी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

अगस्त 2019 में खेले गए लॉर्ड्स टेस्ट में स्टीव स्मिथ के कनकशन रिप्लेसमेंट के तौर आए लाबुशेन ने तब से लगातार टेस्ट में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। 20 टेस्ट मैचों में उनकी औसत इस समय 62.14 है, मौजूदा एशेज़ सीरीज़ में भी लाबुशेन ज़बरदस्त रंग में हैं। उन्होंने अब तक 74, 0*, 103 और 51 रन की पारी खेली है, जिसके दम

पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 2-0 की बढ़त बना रखी है।

लाबुशेन ने सीरीज़ की शुरुआत नंबर-4 रैंकिंग के साथ की थी, और अब करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग प्वाइंट्स (912) के साथ पहली बार टेस्ट क्रिकेट में नंबर-1 बल्लेबाज़ बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान जो रूट से जगह छीन ली है, रूट ने इस सीरीज़ में अब तक 0, 89, 62 और 24 रन बनाए हैं। रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि तीसरे स्थान पर स्मिथ हैं।

मोहित जांगड़ा की घातक गेंदबाजी से एयरपोर्ट अथॉरिटी की शानदार जीत

नई दिल्ली (वार्ता)। इंडिया अंडर 19 प्लेयर मोहित जांगड़ा (8 विकेट 5 रन देकर) की तूफानी गेंदबाजी की मदद से डूम क्रिकेट ग्राउंड गुरुग्राम में खेले जा रहे आल इंडिया पब्लिक सेक्टर क्रिकेट टूर्नामेंट में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़इंडिया ने सेंट्रल वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन को 10 विकेट से पीट दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने टॉस जीत के पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और सेंट्रल वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन टीम सिर्फ नौ ओवर में 26 रन पर आउट हो गई। 26 रनो का पीछा करते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़इंडिया टीम ने 30 रन 2 ओवर में बना कर शानदार जीत दर्ज की। शानदार गेंदबाजी के लिए मोहित जांगड़ा का मैन ऑफ़द मैच के अवार्ड से रमेश सचदेवा ने सम्मानित किया। दिन के दूसरे मुकाबले में ज्योत छाया 3 विकेट 16 रन देकर, ध्रुव शोरे 3 विकेट 29 रन देकर, सुमित्रा सिंह 2 विकेट 2 रन दिया।

सोनी पिक्चर्स और जी इंटरटेंमेंट का विलय को लेकर करार

मुंबई (वार्ता)। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और जी इंटरटेंमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने विलय का करार किया है। इसके तहत जी इंटरटेंमेंट का सोनी पिक्चर्स में विलय कि जायेगा।

इन दोनों कंपनियों ने आज जारी एक बयान में कहा कि इस करार के तहत दोनों कंपनियां आपस में अपने नेटवर्क के साथ ही डिजिटल एस्सेट, प्रोडक्शन परिचालन और प्रोग्राम लाइबेरी का विलय करेंगी। विलय के बाद जो कंपनी बनेगी उसको भारत में सूचीबद्ध भी कराने की बात कही गयी है। बयान में कहा गया है कि इसके तहत सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स के पास 1.5 अरब डॉलर की नकदी होगी जिसमें सोनी पिक्चर्स के वर्तमान प्रवर्तकों और जी के संस्थापक प्रवर्तकों द्वारा किये जाने वाला निवेश भी शामिल है। विलय के बाद बनने वाली कंपनी में नियंत्रक हिस्सेदारी सोनी पिक्चर्स की मूल कंपनी सोनी पिक्चर्स इंटटेंमेंट इंक की होगी। इस कंपनी की हिस्सेदारी 50.86 प्रतिशत होगी जबकि जी के प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 3.99 प्रतिशत होगी। शेष 45.15 प्रतिशत हिस्सेदारी जी के शेयरधारकों की होगी। श्री पुनीत गोयनका विलय वाली कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे।

सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए खुलेंगे टोक्यो ओलंपिक स्थल

टोक्यो (वार्ता)। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार ने टोक्यो ओलंपिक खेलों तथा पैरालंपिक खेलों 2020 में इस्तेमाल किए गए आठ नए स्थायी स्थानों में से तीन को सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए खोले जाने की बुधवार को घोषणा की।

दरअसल सामान्य प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षा कारणों के चलते ओलंपिक खेलों के बाद आमतौर पर स्थानों को बंद कर दिया जाता है, ताकि ओवरले को हटाने और अस्थायी संरचनाओं को नष्ट करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की स्थिरता निदेशक मैरी सैलोइस ने इस बारे में कहा, ÷ हमारा लक्ष्य मौजूदा स्थानों के पुनः इस्तेमाल को अधिक से अधिक करना है, जिससे खेलों की लागत और कार्बन उत्सर्जन दोनों को कम किया जा सके। हमें यह देखकर प्रसन्नता हुई कि टोक्यो 2020 के लिए इस्तेमाल किए गए कुछ मौजूदा स्थान टोक्यो 1964 से विरासत में मिले।

बिग बाजार-हॉलिडे सेल

शॉप.बिगबाजार.कॉम पर ऑनलाइन 2500 रुपये की खरीदारी करने पर 500 रुपये वापस

बिग बाजार की पब्लिक हॉलिडे सेल में कीजिए साल की सबसे बड़ी बचत

मुंबई। भारत का सबसे बड़ा ऑम्नी चैनल रिटेबर बिग बाजार इस साल को शानदार तरीके से अलविदा कहने जा रहा है। बिग बाजार आने वाली पब्लिक हॉलिडे सेल के साथ 11 दिन के मेगा अभियान में साल की सबसे बड़ी बचत कराने के लिए कमर कस रहा है। बिग बाजार की पब्लिक हॉलिडे सेल 22 दिसंबर, 2021 से शुरू होकर 2 जनवरी, 2022 तक चलेगी। उपभोक्ता बाजार और मॉल्स में उमड़ रहे हैं, इसीलिए बिग बाजार ने ग्राहकों को स्टोर्स के भीतर और ऑनलाइन खरीदारी एवं बचत का सबसे उम्दा अनुभव देने के लिए सभी उत्पादों तथा श्रेणियों पर बड़े ऑफर्स तथा बचत की योजना बनाई है। पूरे देश में बिग बाजार

के स्टोर साल के आखिर में जश्न के माहौल के बीच छुट्टी में खरीदारी करने निकले सभी खरीदारों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। उपभोक्ता बिग बाजार स्टोर्स में और बिग बाजार एप तथा शॉप.बिगबाजार.कॉम पर ऑनलाइन मेगा डील्स का फायदा उठा सकते हैं और केवल 2 घंटे में होम डिलिवरी का आनंद भी ले सकते हैं। पब्लिक हॉलिडे सेल में उपभोक्ताओं को फूड, फैशन, होम एंड इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों में साल की सबसे बड़ी बचत करने का मौका मिलेगा। कुछ प्रमुख डील इस प्रकार हैं- तुअर दाल 89 रुपये/किग्रा, टाटा टी प्रीमियम के 1 किलो पैक पर 142 रुपये की छूट, बॉडी लोशन, स्किन क्रीम और डियो पर बाय 1 गेट 1 फ्री, कोल्ड ड्रिंक, बिस्किट और चिप्स पर बाय 2 गेट 1 फ्री, विमेंस, मेंस, किड्स फैशन तथा फुटवियर पर बाय 1 गेट 1 फ्री बाल्टी, केसरोल, किचन टूल सेट, 6 मग के सेट, करछुल सेट, स्टील प्लेट, वाटी, गिलास आदि जैसे होम इसेंशियल फ्लैट 99 रुपये में।

फूड, फैशन, होम नीड्स और इलेक्ट्रॉनिक्स पर शानदार वैल्यू देने वाली डील्स हैं, जो ग्राहकों को आनंद तथा संतुष्टि भरा खरीदारी का अनुभव देंगे।

फ्यूचर ग्रुप में सीएमओ ङ्क डिजिटल, मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स पवन सारदा ने कहा, ÷साल का अंत ढेर सारी उम्मीद, जोश, यात्रा और खरीदारी लेकर आता है। हम यह ऊर्जा महसूस करते हैं क्योंकि हर वर्ष इन दिनों में बड़ी संख्या में ग्राहक हमारे स्टोर्स में आते हैं। खरीदारी का व्यवहार वापस सामान्य हो रहा है तो हमारे स्टोर भी खरीदारी के जश्न के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

हैदराबाद के पास मुंबई के करीब पहुंचने का सुनहरा अवसर

बैम्बोलिन (वार्ता)। हैदराबाद एफसी जब गुरुवार को बैम्बोलिन के जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021 में अपना अगला मुकाबला खेलने उतरेगा, तो उसका लक्ष्य न केवल फिसड्डी एससी ईस्ट बंगाल पर जीत हासिल करना होगा, बल्कि तालिका की शीर्षस्थ टीम मुंबई सिटी एफसी के साथ अंकों के अंतर को कम करना होगा। यह जीत स्पेनिश कोच मैनुएल ÷मानोलो÷ मार्क्यूएज रोका की टीम को दूसरे स्थान पर पहुंचा देगी।

हैदराबाद पिछले पांच मैचों से अपराजित चल रही है और इस सीजन के दौरान सबसे ज्यादा मैचों में अपराजेय रहने के मामले में वो केरला ब्लास्टर्स के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर है। लिहाजा, ईस्ट बंगाल के खिलाफ आगामी मैच में हैदराबाद जीत की तगड़ी दावेदार होगी, क्योंकि कोलकाता की टीम 11 टीमों की तालिका में तीन अकं लेकर सबसे निचले स्थान पर है। उसने अब तक पिछले ग्यारह मैचों (चार पिछले सीजन और सात इस सत्र) में से एक भी मैच नहीं जीता है। अगर, निजाम्स यह मैच जीत लेते हैं, तो वे 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। वे शीर्ष टीम मुंबई से मात्र एक अंक दूर रह जाएंगे। मुंबई के सात मैचों में 15 अंक हैं।

हैदराबाद इस सीजन की सबसे संतुलित टीमों में से एक नजर आ रही है।

खेल मैदान पर बने कॉम्लेक्स के 41 कमरों को किया गया सील

भटगांव/नवप्रदेश। प्रेमभुवन प्रताप सिंह विद्यालय के छात्रों द्वारा विगत सप्ताह पहले खेल मैदान में बने व्यापारिक कॉम्प्लेक्स को हटाने की मांग पर दो बार रैली ज्ञापन फिर चक्काजाम किया था जिस पर प्रशासन की टीम द्वारा उनके कुछ मांगों को पूर्ण करते अन्य मांगों को पूर्ण करने आश्वासन दिया था जिसके परिपेक्ष में बुधवार को प्रशासन की टीम ने छात्र संघ के अध्यक्ष, स्कूल प्रबंधन और किसान विकास समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में खेल मैदान में बने कॉम्प्लेक्स के 41 कमरों को सील कर दिया। वहीं कार्रवाई के दौरान किसान विकास समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि कल होने वाली चक्काजाम में हमारी नैतिक समर्थन रहेंगी किंतु चक्काजाम में हम लोग शामिल नहीं रहेंगे। हालांकि एक तरफ छात्र संघ के अध्यक्ष रिंकु पटेल ने बताया कि जब तक नगर पंचायत सीएमओ को नहीं हटाएंगे तब तक छात्र संघ ने निर्णय लिया है कि चक्काजाम किया जाएगा।

रोड किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सोमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंजोरा चौक जीई रोड के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला है। जिसकी उम्र लगभग 35-40 वर्ष, साल रंग सांवला, नीला जींस, डार्क नीला टी-शर्ट, धूल मिट्टी लगा हुआ है। थाना सोमनी में मर्ग कायम किया गया है। अज्ञात मृतक का शव पोस्टमार्टम कराने जिला हास्पिटल राजनांदगांव मरचुरी में शव रखा है। उक्त युवक के बारे में किसी भी को कोई जानकारी हो तो मोबाईल नंबर 94791-92115, 93024-34500 से संपर्क करें।

नाबालिग लड़की रायपुर से बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 25 नवंबर की दरम्यानी रात्रि 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। चौकी सुरगी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिनके द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 6 घंटे के भीतर कृष्णानगर डंगनिया खदान बस्ती वार्ड नंबर 40 रायपुर में अपहृत नाबालिक बालिका को अविनाश प्रजापति के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता से पूछताछ करने पर अविनाश प्रजापति द्वारा दिनांक घटना समय को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाकर उसके साथ कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया, बताने पर प्रकरण में धारा 366, 376 (2) (ढ) भादंवि, 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई। आरोपी अविनाश प्रजापति द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

वन भूमि पर फर्जी ऋण पुस्तिका बना कर लोन उगाही का आरोप

सांकरा/नवप्रदेश। पिथौरा तहसील के अंतर्गव रानिम.सांकरा (जोक) ग्राम बारिकपाली के वन भूमि खसरा न. 430 रकबा 0.808. उसराम पिता घसिया को वर्ष 18/02/09 कलेक्टर महासमुंद के आदेश प्राप्त हुई थी जिसे कार्तिक राम विला धनसिंग निवासी के द्वारा सांकरा छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक सांकरा से उक्त ऋण पुस्तिक से लोन प्राप्त कर लिया गया है। शिकायत आवेदन में प्रार्थी आवेदन उसराम ने इसकी शिकायत कलेक्टर और पिथौरा तहसील कार्यालय में की है। शिकायतकर्ता के बताया की खसरा न. 430 की भुमि पर वह काबिज है और कास्त भी कर रहा है।

पंथी प्रतियोगिता में राजनांदगांव प्रथम व मुंगेली द्वितीय स्थान पर रहा

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम तेलासीपुरी धाम में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर संकल्प युवा विकास सेवा समिति द्वारा पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलएल कोशले प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील छ्ग सतनामी समाज एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमीत्रा घृतलहरे, विशिष्ट अतिथि सरजू प्रसाद घृतलहरे प्रदेश उपाध्यक्ष प्रगतिशील, मोहन बंजारे प्रदेश अध्यक्ष संघर्ष समिति, भागवत भारती प्रदेश कोषाध्यक्ष, मनोज आडिल जनपद उपाध्यक्ष अश्विनी बबलू त्रिवेन्द्र, सरपंच धीवर पूर्व सरपंच नुलेश्वरी बंजारे, चूडामणी गायकवाड़, गिधपुरी सरपंच नोहर गिरी गोस्वामी थे। बाब गुरु घासीदास जयंती 265वीं अवसर पर आयोजित पंथी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा पुजा अर्चना कर किया गया। एलएल कोशले ने कहा कि तेलाती धाम गुरु घासीदास के ज्येष्ठ पुत्र गुरु अमरदास का परम धाम हैं गुरु अमर दास ने तेलासी में मानवता वादी विचार धारा का विकसित

कर मनखे मनखे एक बरोबर के सिद्धांत को चरितार्थ किया। तेली, रावत को सतनाम पंथ में मिलाया।

इसका आज भी प्रमाण है कि उक्त मिलें हुए लोगों का मिशल वंशावली में जाति यादव या तेली निकलते हैं। प्रदेश अध्यक्ष कोशले ने समाज से आह्वान करते हुए गुरु घासीदास जी के सतनाम के सिद्धांत पर चल कर संगठित एवं आत्मनिर्भर समाज बनाने अपील की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुमीत्रा घृतलहरे ने तेलासी को ऐतिहासिक महत्व का गांव बताते हुए कहा कि गुरु अमरदास धाम ग्राम तेलासीपुरी देश प्रदेश के सतनाम पंथ के अनुयायियों का आस्था का प्रमुख केन्द्र है तेलासी बाडा एवं ग्राम का समुचित विकास होना चाहिए। आज इतने वर्षों तक विकास नहीं हो पाना दुखद है। मैं क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य होने के नाते से ग्राम के विकास नाली निर्माण एवं आहता के लिए अपने निधि से राशि स्वीकृत करुंगी। सभा को सरजू प्रसाद घृतलहरे, मोहन बंजारे, कुलेश्वरी बंजारे ने भी संबोधित किया। पंथी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जगमग ज्योति पंथी पार्टी बेलगांव राजनांदगांव 21 हजार और शिल्ड, द्वितीय आदर्श सत के लहर पंथी पार्टी मुंगेली को 11 हजार एवं तृतीय पुरस्कार सत के गोहार पंथी पार्टी बावनकेरा महासमुंद को 7 हजार रूपए एवं शिल्ड प्रदान किया गया। पंथी के कलाकारों ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन चरित्र का गुणगान करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सहित सदस्य गण निर्णायक मंडल व ग्राम तेलासीपुरी वासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

टीका तुंहर दुआरी महाअभियान में हजारों लोगों ने लगवाया कोरोना का टीका

एक लाख लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य लेकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चलाया गया विशेष अभियान

कबीरधाम/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण व इसके नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की रोकथाम तथा इससे बचाव का प्रयास करते हुए कोरोना टीकाकरण को प्राथमिकता में रखा गया है। इसी क्रम में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में टीका तुंहर दुआरी नाम से विशेष अभियान चलाकर हजारों लाभार्थियों को पहली व दूसरी डोज का टीका लगाया गया। टीकाकरण का यह क्रम सुबह से रात चला, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छूटे हुए लोगों को टीकाकृत किया। जिले में शत-प्रतिशत लोगों के कोविड टीकाकरण के लिए विभिन्न वर्गों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इसके बेहतर नतीजे भी मिल रहे हैं। कोविड टीकाकरण को गति देने के लिए जिला कलेक्टर रमेश शर्मा के दिशा-निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र मंडल के मार्गदर्शन में जारी टीकाकरण के अलावा रविवार को शहरी तथा मंगलवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए लोगों को टीकाकृत किया गया। इस अभियान को टीका तुंहर दुआरी नाम दिया गया है। टीका तुंहर दुआरी अभियान की सार्थकता के लिए जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम सुबह से देर शाम तक मुस्तैद रही जिसके परिणाम स्वरूप शाम 4 बजे तक जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगभग 35,000 से अधिक लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इससे पहले टीका तुंहर दुआरी अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य अमले ने डोर टू डोर संपर्क किया तथा छूटे हुए हितग्राहियों को कोरोना टीका शीघ्र लगवाने हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने स्वयं समाज के विभिन्न तबकों के पदाधिकारियों व धार्मिक संगठनों समेत अन्य लोगों से फोन पर चर्चा कर टीकाकरण हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए अपील की थी।

ठंड से बचाव के लिए कंबल दान की मुहिम, कलेक्टर ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने शीतलहर से बचाव के लिए रायपुर में कंबल वितरण में जुटे सभी स्वयं सेवी संस्थाओं एवं संगठनों की सराहना करते हुए स्वयं भी जरूरतमंदों के लिए कंबल भेंट किए। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की पहल पर कई स्वयंसेवी संस्थाएं देर रात तक घूम-घूमकर जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, कंबल, चादर, गद्दे और मच्छरदानी वितरित कर रहे हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार ने इस नेक कार्य मे जुटे सभी एनजीओ की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया है। एनजीओ कुछ फर्ज हमारा भी के प्रमुख नितिन सिंह राजपूत और संस्था के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की और शीतलहर से निर्धन परिवारों को ठंड से बचाने के लिए संचालित अपनी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ठंड से राहत पहुंचाने जगह जगह अलाव जलाने की गई व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। सुझाव के अनुरूप कलेक्टर ने तत्काल सम्बंधित जोन कमिश्नरों से चर्चा कर आज से ही चिन्हाकित नए स्थलों पर भी अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रामप्रसाद देवांगन कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय खरोरा में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 दिसंबर को मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रथम दिवस रंगोली, कुर्सी दौड़ बालक/बालिका, 100 मीटर दौड़ बालक/बालिका, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस 21 दिसंबर को नृत्य प्रतियोगिता और चित्रकला का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ बालिका में प्रथम- ज्योति वर्मा, द्वितीय-डॉली यादव और तृतीय स्थान पूजा चेलक, कुर्सी दौड़ बालक में प्रथम कुलदीप गिलहरे, द्वितीय-शिव डहरिया और तृतीय तामेश्वर, 100 मीटर दौड़ बालिका में प्रथम रूपाली वर्मा, द्वितीय देविका देवांगन और तृतीय येनिता धीवर, 100 मीटर दौड़ बालक में प्रथम राजेश देवांगन, द्वितीय-ओमकार वर्मा और तृतीय प्रशांत रात्रे, रंगोली में प्रथम विद्या वर्मा, द्वितीय-सरस्वती और तृतीय पूजा चेलक, चित्रकला में प्रथम अंजू बघेल, द्वितीय चमेली नशीने और तृतीय-विद्या वर्मा, प्रश्नोत्तरी में प्रथम-त्रिवेणी देवांगन, द्वितीय योगिता देवांगन और तृतीय स्थान डिगेश्वर साहू, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम विद्या, द्वितीय-केसर और तृतीय स्थान त्रिवेणी ने प्राप्त किया।

जब्त गाड़ी छुड़वाने के वाहन मालिक चक्कर पर चक्कर काटने को मजबूर

देवभोग/नवप्रदेश। मंडी एक्ट लागू होने से पहले तहसीलदार एवं एसडीएम द्वारा पकड़ी गई रसूखदारों की कई गाड़ी छूट गई। लेकिन केंटपदर गांव पर पकड़ी 1109 की बड़ी गाड़ी को अब तक नहीं छोड़ा गया है। जिसे लेकर सेटिंग नहीं होने का आरोप लग रहा है। जबकि गाड़ी मालिक द्वारा एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय के कार्यालय की 50 बार से ज्यादा चक्कर लगा चुके हैं। 29 अक्टूबर को सागौनभाड़ी निवासी दया महतरु की 1109 बड़ी वाहन पर धान के साथ मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर केंटपदर पकड़ा गया और थाने में सुपूर्द कर दिया। तब से लेकर आज तक गाड़ी की प्रकरण खाद्य जिला कार्यालय में पेश नहीं हो पाया है। जबकि इस गाड़ी से पीछे पकड़ी गई गाड़ियों को कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर छुड़ा लिया गया है। करीब 6 गाड़ी को अब तक छोड़ने की बात कही जाती है। हाल ही में उड़ीसा के महेंद्र अग्रवाल की दो पिकअप को छोड़ा गया। ऐसे में दया महतरु की गाड़ी को नहीं छोड़ना समझ से परे है। हालांकि अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मा डाल कर अपना अपना पल्ला झाड़ रहे।

जिसे लेकर कई जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के बीच अपनी नाराजगी जाहिर करते वाहन मालिक को बेवजह परेशान कर सरकार की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है। क्योंकि धान के साथ पकड़ी गई कई गाड़ियों को जल्द से जल्द निपटारा कर छोड़ दिया गया है। लेकिन यह गाड़ी के लिए प्रकरण जिला खाद्य विभाग भेजने सहित कागजी प्रक्रिया की अटकलें बताकर वाहन मालिक को हलकान किया जा रहा है। जिसके खिलाफ ऐसे वाहन मालिक सहित कई जनप्रतिनिधि प्रभारी मंत्री और भूपेश बघेल के समक्ष मोर्चा खोलने की तैयारी कर रहे हैं ताकि कांग्रेस सरकार में पक्षपात के चलते वाहन संचालकों को नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। वहीं इस मामले में देवभोग एसडीएम टीआर देवांगन से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि हमने प्रकरण जिला कार्यालय भेज दिया है अब वह ही कार्यवाही करेंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

फैसले की घड़ी :...

बिजली की व्यवस्था के लिए जनरेटर,सहित स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल और मतगणना कक्ष पर अग्निशमन की व्यवस्था की गई है।

निर्वाचन आयुक्त की माने तो मतगणना कक्ष पर मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सामान्य प्रेक्षक और रिटर्निंग आफिसर ही बहुत आवश्यक परिस्थितियों में मोबाइल का उपयोग कर सकेंगे। उन्होने कहा कि मतगणना से संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी नियमों-अधिनियमों का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि सभी कार्यवाही सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। संभावना जताई जा रही है कि सुबह 11 बजे के बाद ही रुझान मिलना शुरू हो जायेगा। बुधवार को मतगणना का अंतिम रिहर्सल भी किया गया है।

कोविड प्रोटोकॉल का ...

मतगणना की राउंडवार जानकारी मीडिया को दी जाएगी।

वॉलफोर्ट सिटी, स्काई ...

व रायपुर की टीम सुबह पहुंची। पावर हाउस रोड में संचालित ज्वैलर्स की दुकान व ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय में भी आयकर विभाग पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि सेंट्रल एक्साइज की टीम भी कार्रवाई में शामिल है।

पीएम मोदी का..

दरअसल, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इधर महिलाओं पर फोकस किया है।

उधर, भाजपा के लिए भी महिलाओं के वोट का बड़ा महत्व है। 2014 में केंद्र में और 2017 में यूपी में बीजेपी की ताजपोशी के पीछे महिलाओं के वोट का बड़ा योगदान माना जाता है। यही वजह है कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने महिलाओं को केंद्र में रखकर एक के बाद एक कई योजनाएं चलाईं। फिर वो चाहे उज्जवला गैस योजना हो, मिशन शक्ति या फिर अन्य योजनाओं में महिलाओं के नाम पर मिलने वाली कई तरह की छूटें। तीन तलाक कानून को भी मुस्लिम महिलाओं को साधने की बीजेपी की कोशिश के तौर पर देखा जाता है। हाल में लड़कियों की शादी की उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल किये जाने के मुद्दा भी इसी रूप में सामने आया है। जानकारों का मानना है कि बीजेपी इन सब कदमों के जरिए परिवारों में अलग से अपना वोट पक्का करने की राह पर है।

भारत की 'प्रलय' से ...

साढ़े दस बजे प्रक्षेपित की गई मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। 'प्रलय' 350-500 किमी कम दूरी की, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है जिसकी पेलोड क्षमता 500-1,000 किलोग्राम है।

क्या हैं प्रलय मिसाइल की खासियतें: इस मिसाइल की खासियत की बात करें तो यह जमीन से जमीन पर प्रहार करते समय बेहद सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। यह कम दूरी की मिसाइल दुश्मन पर करीब 500 किलोमीटर तक प्रहार करने की ताकत रखती है। DRDO के मुताबिक प्रलय मिसाइल अपने साथ 1000 किलोग्राम वजन तक का विस्फोटक ढोने में सक्षम है।

भारतीय नागरिकता के...

नित्यानंद ने कहा कि भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले 10,635 आवेदकों में से 14 दिसंबर, 2021 तक, 7,306 पाकिस्तान से थे।

चीन के 10 लोगों ने मागी भारत की नागरिकताः राज्यसभा सांसद अब्दुल वहाब ने भारत सरकार से पूछा था कि वर्तमान में भारतीय नागरिकता पाने के लिए कितने आवेदन आए हैं और वे किस देश से हैं। इन सवालों के जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद ने बताया कि अफगानिस्तान से 1,152 आवेदन लंबित हैं, इसके बाद 428 राज्यविहिन (जिसे कोई देश अपना नागरिक नहीं मानता) लोग हैं, श्रीलंका और यूएसए से 223, नेपाल से 189 और बांग्लादेश से 161 आवेदन पेडिंग हैं। मंत्री ने कहा कि चीन के 10 आवेदकों ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया था।

न्यायालय तहसीलदार भटगांव, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

पत्र क्र. 231 दिनांक 15.12.2021

अखबार प्रकाशन

प्रति,
1. श्री ऐश्वर्य सिंह पिता स्व. श्री अजय सिंह
2. श्री प्रसन्न सिंह पिता स्व. श्री अजय सिंह
3. श्रीमती ज्योति किरण सिंह बेवा स्व. श्री अजय सिंह
वर्तमानत पता- मुकाम छटवी वाहिनी लाईन उर्दना, रायगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री शान्तनू प्रताप सिंह पिता श्री शैलेष प्रताप सिंह व अन्य 01 व्यक्ति दोनों जाति बिंझिया साकिन भटगांव प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. भटगांव तहसील भटगांव जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि कृषि ग्राम भटगांव प.ह.नं. 29 स्थित शामिलात खाता क्र. 315 में दर्ज भूमि खसरा नं. (295/1, 2500) 2495/1, 2495/3, 2511/1, 2512/1, 2540/1, 2544, 2547, 2548/1, 3181 रकबा क्रमशः 0.308, 0.113, 0.158, 0.258, 1.086, 0.441, 0.040, 0.081, 0.077, 0.162 हे. कुल खसरा नं. 10 कुल रकबा 2.724 हे. भू राजस्व 30.51 पैसे की भूमि जो पटवारी अभिलेख में ऐश्वर्य सिंह, प्रसन्न सिंह पिता अजय सिंह, ज्योति किरण सिंह बेवा अजय सिंह, शान्तनु पिता शैलेष प्रताप सिंह, रानू बेवा शैले, प्रताप सिंह सभी जाति बिंझिया के नाम पर शामिलात रूप से दर्ज है। जिसका आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य अंश के आधार पर 1/2 भागों में खाता विभाजन करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, वर्तमान बी-1 की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 10.01.2022 को नियत है।

अतः आप सभी को सूचित किया जाता है कि आप लोगों को उक्त बंटवारा से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
भटगांव

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ई.पंजी. 202112082200041
अ 20 (1), वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक 16 ए, भूखंड क्र. 39, क्षेत्रफल 387.00 वर्गमीटर भूखंड नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1974-75 में कृष्णकुमार आ. रामेश्वर लाल एवं भुनेश्वर आ. मुचरू दोनों सा. कवर्धा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखंड क्षेत्रफल 387.00 व.मी. में से 82.00 व.मी. को क्रेता छेदीलाल सोनी आ. चमरू ने पंजीकृत बयनामा दिनांक 02.02.1998 को विक्रेता सरोजा बेवा सुखनाथ, राकेश, दिनेश आ. सुखनाथ से क्रय कर उक्त भूखंड को आवेदक अशोक सोनी आ. छेदीलाल सोनी द्वारा क्रय हक से क्रेता का नाम निर्धारण करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 22/1/22 को नियत की गई है।

अतएव निर्धारण/नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 22/1/22 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 22/12/21 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 22/12/2021
पेशी दिनांक 22/01/2022

सील
नजूल जांच अधिकारी,
कबीरधाम

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र. 75/अविअ/वा-2/ आरंग 16/12/21
ग्राम आरंग, पहन 54 रा.नि.मं. व तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिता निषाद पिता स्व. मोहन लाल निषाद निवासी इंदिरा चौक आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर राजीव गांधी आश्रय योजना 1998 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 स्थित भूखंड क्रमांक 3738/1 क क्षेत्रफल 310 वर्गफुट उनके पिता स्व. मोहनलाल केंवट, माता तिजमतबाई केंवट के नाम से जारी किया गया था, चूंकि उनके पिता एवं माता जी का स्वर्गवास हो जाने के कारण उक्त भूखंड क्रमांक 3738/1 क क्षेत्रफल 310 वर्गफुट को अपने नाम पर दर्ज करने का निवेदन किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक/ अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 30/12/2021 के पूर्व पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राज.परि. नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचमतल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर 27 नवा रायपुर, अटल नगर
email ID: em_zone2@yahoo.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 743 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-Sr. MIG-438 को श्रीमती ऋचा केडिया पति श्री राजेश कुमार केडिया के नाम स्ववित्तीय योजनांतर्गत पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 06.10.2017 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती ऋचा केडिया पति श्री राजेश कुमार केडिया निवासी- डी-34, गुलमोहर पार्क रामा नगर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री हेमंत कुमार सिंह बनाफर पिता श्री फेंकूराम बनाफर पता- वार्ड नं. 02, बनाफर मोहल्ला, ठठारी, जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक Sr. MIG-438 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू कालोनी रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्र. 699 1. श्री अशोक कुमार अठवानी पिता स्व. श्री नारायण दास अठवानी 2. श्री नानक राम अन्दानी पिता श्री गुरमुख दास अन्दानी के संयुक्त नाम से स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/ लीजडीड दिनांक 12.07.2007 को पंजीकृत कराने उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर दिनांक 15.01.2008 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में आबंटी 1. श्री अशोक कुमार अठवानी पिता स्व. श्री नारायण दास अठवानी 2. श्री नानक राम अन्दानी पिता श्री गुरुमुख दास अन्दानी निवासी अठवानी ट्रेडर्स, हांडीपारा, आजाद चौक तहसील व जिला रायपुर के द्वारा भवन के संयुक्त नाम से श्री अशोक कुमार अठवानी पिता स्व. श्री नारायण दास अठवानी द्वारा हक त्याग कर श्री नानक राम अन्दानी पिता श्री गुरमुख दास अन्दानी के एकल नाम करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन, शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर हकत्याग प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के हकत्याग के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 375/2021-22
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद-52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद- 52 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 52/एल-529 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सुशीला चैनानी w/o राजकुमार सतीश कुमार चैनानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती दिव्या नेताम w/o अमित नेताम ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 265/21-22
वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मीबाई-10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई-10 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ अशोका रतन 32 बंगला परिसर 25 जो कि निगम अभिलेख में श्री अविनाश कुमार सिंह s/o कालेश्वर सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री दीनदयाल गोयला s/o मुरारीलाल गोयल रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 21/12/2021
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 392/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/भू.क्र.-53 कटोरातालाब जो कि निगम अभिलेख में श्री खानचंद पंजवानी पिता स्व. संतोष कुमार पंजवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती पूनम पंजवानी पति श्री विष्णु पंजवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राज.परि. नवा रायपुर
पांचवा तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर 27 नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
email ID: 1. em_zone2@yahoo.com 2. eozone3cghb@gmail.com

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाए गए आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भूखण्ड/ भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	आयु	कालोनी का नाम	भू-खण्ड/ भवन क्रमांक
1	2	3	4	5	6
1.	श्री सुमेश जैन	श्री सुरेश जैन	41	सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर	पी3ए- 639
2.	श्री मृणाल कुमार तिवारी	श्री नारायण प्रसाद तिवारी	52	--तदैव --	पी3ए- 719
3.	मेजर इम्तियाज खान	डा. एस.ए. खान	45	-- तदैव --	पी3ए- 566
4.	श्री नोनित कुमार रॉय	श्री गोपाल चन्द्र रॉय	42	-- तदैव --	एफ 1सी 11/204

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

त्रिवेणी संगम राजिम के तट पर नदी उत्सव का आयोजन 21 से 24 दिसंबर तक

नदी आरती और दीपदान से उत्सव बना खास

गरियाबंद/नवप्रदेश। 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् महानदी के राजिम तट पर नदी उत्सव का आयोजन 21 दिसंबर से 24 दिसम्बर तक किया जा रहा है। पहले दिन शुभारंभ अवसर पर जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू, राजिम विधायक अमितेश शुक्ल शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्रोच्चार के साथ महानदी की आरती दीप प्रज्वलित और दीपदान किया गया। पहले दिन शुभारंभ अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नदियों को माता के रूप में पूजते हैं। हमारी संस्कृति में नदियों का विशेष महत्व है। आज हम नदी के सरंक्षण के लिए नरवा विकास योजना तैयार किये है। इससे नदियों में एनीकट बनाये जा रहे हैं ताकि सिचाई क्षमता में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यहा समर्थन मूल्य पर किसानों की धान खरीदी कर रहे हैं। हम किसानों को किसान न्याय योजना के तहत प्रति एकड़ 9 हजार रुपये उनके खाते में दे रहे हैं। जो किसी राज्य में नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि नदियों में जल बारहमासी बहती रहे। राज्य में पानी की कमी नही है। इसका उपयोग घर मे और खेत दोनो में हो। जल को सरंक्षित, सुरक्षित किया जाए। पानी का उपयोग कैसे हो ,इस दिशा में हम कार्य कर रहे हैं। नदियों को बचाने विभाग को ध्यान देने की जरूरत है कि रेत का उत्खनन बंद हो। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम राजिम राज्य का सबसे पावन धरती है। इसे पावन ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और विभाग के अधिकारी बैठकर योजना बनाये की महानदी में साल भर जल कैसे सरंक्षित रहे। राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि राजिम का पौराणिक और धार्मिक महत्व है। आज नदियों का संरक्षण और सफ ाई जरूरी है। नदियों से बेतरतीब रेत निकाला जा रहा है जिसे रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मंत्री चौबे ने कई बैराज बनाकर इस अंचल में सिंचाई का पुख्ता इंतजाम किया है। अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि नदी को प्राकृतिक रूप से विकसित करने की जरूरत है। आज सिंचाई की क्षमता में आशातीत वृद्धि हुई है। उन्होंने महानदी में जमा हुए शील्ड को भी सफ ाई की आवश्यकता पर जोर दिया। ज्ञात है कि नदियों का महत्व, जल संरक्षण एवं नदी स्वच्छता के संबंध में आम नागरिक की सहभागिता विकसित करने के लिए यह चार दिवसीय नदी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत शुभारंभ दिवस पर नदी में दीप प्रज्वलन एवं आरती कार्यक्रम, जल संबंधी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दूसरे दिन स्कूलों में जल की महत्ता पर निबंध प्रतियोगिता, प्रभात फेरी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल स्वच्छता पर चर्चा, क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन परिचय, श्रमदान कर घाट स्वच्छता कार्यक्रम, पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु वृक्षारोपण का कार्य आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जल की महत्ता, संरक्षण एवं स्वच्छता पर कला जत्था द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता किया गया। साथ ही निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर विभाग के सचिव अल्बलगन पी, कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी अविनाश भोई, भाव सिंह साहू, पदमा दुबे, विकास तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक मौजूद थे।

छग सीनियर कुराश टीम की हुई घोषणा

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सीनियर कुराश टीम पुरुष एवं महिला 24 से 27 दिसम्बर तक जम्मू भगवती नगर इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप 2021 में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग राज कुमार ध्रुव भाटापरा, शिव भाटापारा, दीपक गर्ग दुर्ग, दिनु राम यादव राजनांदगांव, नवीन सोनबोइर दुर्ग, अमन टंडन दुर्ग, ओमप्रकाश मिश्रा दुर्ग शामिल हैं। जबकि महिला वर्ग में रजनी पटेल दुर्ग, निकिता कुंजाम भाटापारा, मंजू पटेल दुर्ग, खोमेश्वरी दुर्ग, रोशनी वैष्णव भाटापारा, चयनित खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन टेक्निकल चेयरमैन बैजनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य आशीष यादव ने शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सामान्य सभा की बैठक 30 को

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 30 दिसंबर को 02 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित होगी, जिसमें एजेण्डा शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यों आदि की समीक्षा की जाएगी।

राजस्व अधिकारियों की बैठक 29

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर रमेश शर्मा की अध्यक्षता में 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में नामांतरण विवादित एवं अविवादित, भू-अर्जन के लंबित प्रकरण सहित विभिन्न एजेण्डा पर समीक्षा की जाएगी।

उद्यानिकी विभाग ने बाडी योजना अंतर्गत बांटे थरहा एवं बीज

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर के 58 ग्राम धनेली के 52 तथा ग्राम रूसेकापा ग्राम पंचायत रुसे के 90 तथा ग्राम जंगलपुर के 100 चयनित हितग्रहियों को पोषण बाड़ी योजना के तहत उद्यानिकी विभाग द्वारा रबी सीजन के लिए टमाटर, बैंगन थरहा तथा पालक मूली के बीज का वितरण ग्राम के सरपंच उपसरपंच तथा विभागीय ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी वेदप्रकाश चंद्रवंशी की उपस्थिति में किया गया। शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरुवा घुरवा बाड़ी के तहत बाड़ी के लिए राज्यपोषित पोषण बाड़ी योजना शासन द्वारा चलाई जा रही है, जिससे जिले के चयनित गौठान ग्रामों के हितग्राहियो को सीधा लाभ मिल रहा है जिससे उन्हें साल भर पोषक युक्त हरी सब्जियां प्राप्त हो रही हैं।

कलेक्टर ने किया साजा क्षेत्र के धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 1 दिसम्बर से किया जा रहा है। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज बुधवार को बेमेतरा जिलें के साजा क्षेत्र के ग्राम मोहगांव, केंवतरा एवं मोहतरा धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें धान खरीदी केन्द्र मे धान के रख-रखाव, धान के उठाव, बारदाने की व्यवस्था की जानकारी ली साथ ही धान उपार्जन कार्य मे कोई गड़गड़ी न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश समिति प्रबंधकों को दिए। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र मे आये किसानों से आत्मीय बातचीत की। जिलाधीश ने परसबोड़ शासकीय उचित मूल्य की दुकान विलंब से खोले जाने पर संबंधित दुकानदार एवं सेल्समेन को शो-काज नोटिश जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी राजेश जायसवाल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी आरके वारे उपस्थित थे।

लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्टी में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 27 को

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा के तत्वाधान में निजी नियोजक द्वारा अधिसूचित रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 27 दिसम्बर 2021 को लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्टी सिमगा रोड बेमेतरा में किया जावेगा। प्लेसमेंट कैम्प में निजी नियोजक सुकिसान बायोप्लाण्ट प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा एग्रीकल्चर एडवाइजर की पद संख्या 25, आयुसीमा 20 से 32, अर्हता न्यूनतम 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतनमान 9000-17500, कार्य स्थान जिला बेमेतरा एवं कवर्धा के लिये रिक्त पदों की अधिसूचना प्राप्त हुई है। उक्त रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ लाइवलीहुड कॉलेज, चोरभट्टी, सिमगा रोड बेमेतरा में 27 दिसम्बर सोमवार सवेरे 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपस्थित हो सकते है।

जैविक खाद के उपयोग एवं गुणवत्ता के लिए बनाए वीडियो का मेयर ने किया लोकार्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ शासन की जन कल्याणकारी योजना के तहत गोधन न्याय योजना संचालित की जा रही है। जिसका मूल उद्देश्य खेतीहर किसानों तथा पशु पालकों को आय प्राप्त होना है। योजना के तहत गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे फ सल के उत्पादन में वृद्धि होकर जहां किसानों को फ ायदा हो रहा है, वहीं गोबर विक्रय से पशु मालिकों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। साथ ही खाद बनाने से महिला स्व सहायता समूहों को भी रोजगार प्राप्त हो रहा है। राजनांदगांव नगर निगम द्वारा भी खाद का निर्माण कर स्थानीय स्तर पर विक्रय किया जा रहा है। साथ ही ऑनलाईन माध्यम से भी घर बैठे लोगों को खाद क्रय की सुविधा प्राप्त हो रही है। इसी कडी में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा जैविक खाद के उपयोग एवं गुणवत्ता हेतु बनाये गये वीडियो का महापौर हेमा देशमुख ने निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, पार्षदों की उपस्थिति में लोकार्पण किया।

गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन के तहत नगर निगम राजनांदगांव द्वारा 4 गौठान केन्द्रों नवागांव, रेवाडीह, मोहारा एवं लखोली में गोबर खरीदी कर वर्मी खाद बनाने के साथ साथ गमला, दिया, गोबर की लकड़ी बनाई जा रही है। खाद के तहत वर्मी कम्पोस्ट, सुपर वर्मी कम्पोस्ट एवं गोल्डन वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है जिसके उपयोग से जहां उत्पादन में वृद्धि हो रही है, वही जमीन की खोई हुई उर्वरा शक्ति भी वापस आ रही है। खाद विक्रय के लिये हाट बाजार में वर्मी कम्पोस्ट बिक्री केन्द्र खोला गया है और घर बैठे ऑनलाईन के माध्यम से खाद खरीदने ई-कामर्स कम्पनी एमेजान के माध्यम से भी खाद विक्रय किया जा रहा है, जिसका अच्छा प्रतिसात मिल रहा है और राजनांदगांव के अन्य राज्यों में भी खाद की सप्लाई ऑनलाईन के माध्यम से की जा रही है। इसी कड़ी नवी मुंबई, वाराणसी उत्तराखंड एवं कलकत्ता से ऑनलाईन आर्डर प्राप्त होने पर खाद का विक्रय किया गया। ऑनलाईन के माध्यम से खाद विक्रय करने वाली राजनांदगांव नगर निगम छत्तीसगढ़ की पहली संस्था है। जन जन तक शुद्ध जैविक खाद के उपयोग की जानकारी दिये जाने नगर निगम द्वारा लगभग 1.30 का वीडियो बनाया गया है जिसका महापौर ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों एवं पशुपालकों को आय प्राप्त हो इसे ध्यान में रखते हुये गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर विक्रय प्रारंभ किया जिसका अच्छा प्रतिसात मिल रहा है। राजनांदगांव नगर निगम गोबर से खाद एवं अन्य आवश्यक समाग्री का निर्माण कर लोगों को लाभ देने के साथ-साथ आय भी प्राप्त कर रही है। ऑनलाईन के माध्यम से भी खाद का विक्रय किया जा रहा है और आज विडियों के माध्यम से भी खाद की गुणवत्ता एवं उसकी उपयोगिता के बारे मे जानकारी दी जा रही है। उन्होंने नागरिकों से वर्मी खाद का उपयोग कर लाभ लेने की अपील की है। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण मधुकर वंजारी, संतीश मसीह, विनय झा, राजेश गुप्ता चम्पू, गणेश पवार, राजा तिवारी, कनिष्ठ सभापति गामेन्द्र नेताम, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे, अपील समिति के सदस्य ऋषी शास्त्री, पार्षद शरद पटेल, नामांकित पार्षद प्रभात गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति व सचिन टुरहाटे, गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, प्रोग्रामर पंकज चंद्रवंशी उपस्थित थे।

बाबा गुरु घासीदास ने सामाजिक कुरीतियों को मिटाया : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम अकोली में आयोजित परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। गुरु गद्दी एवं जैताखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली कामना की। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के द्वारा मानव कल्याण के लिए किए गए कार्य अनुकरणीय उन्होंने मानव जाति के उत्थान के लिए उपदेश दिए हैं उनके बताए हुए मार्ग में चढ़कर हम जीवन में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं बाबा गुरु घासीदास ने तत्कालिक समय में समाज में व्याप्त कुरीतियों प्रथाओं छुआछूत जाति प्रथा आदि सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रेणास्पद काम किया पंथी समिति के साथियों के द्वारा बहुत ही सुन्दर पंथी नृत्य के माध्यम से गुरू घासीदास जी के संदेशों को दूर-दूर तक पहुंचाने का कार्य किया गया हैं। हमारे पूर्वजों ने समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य बनाने का सपना देखा था जिसे पूरा करने का काम हमारी सरकार कर रही हैं। ग्रामवासियो की मांग अनुरूप विधायक ने विधायक निधि से मिनी माता मूर्ति एवं आहता निर्माण कार्य हेतु 2 लाख रुपए स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर हीरादेवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, भुनेश्वरी पोषण वर्मा सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, चंद्रविजय धीवर, भीखम साहू, नेतराम निषाद, भक्तुराम पाल, कुशाल नायक, मन्नू निषाद, पारख परगनिहा, दयालुराम पाल, तुसली मगन, रोहित पाल, नैंनदास, रामअवतार साहू, राधे बंजारे, नीलेश वर्मा, अशोक सेन, सत्यनारायण बारले सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

सरपंच संघ ने आंदोलनरत शिक्षकों को दिया समर्थन

देवभोग/नवप्रदेश। वेतन विसंगति को दूर करने की मांग पर आंदोलनरत शिक्षकों को इन दिनों विपक्ष के साथ-साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। जनप्रतिनिधि शिक्षकों की मांग को जायज मानते हुए भूपेश बघेल से वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी कर रहे हैं। ऐसे ही मैनपुर ब्लॉक सरपंच संघ उपाध्यक्ष मोहना नेताम ने शिक्षकों के धरना का समर्थन करते हुए बताया कि आंदोलन के चलते स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था पूरी तरह डगमगा गई है। बच्चों को मध्यान भोजन खिलाकर छोड़ना स्कूल प्रबंधन के लिए मजबूरी हो गया है। ऐसे तमाम असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भूपेश बघेल की सरकार को जल्द से जल्द वेतन विसंगति दूर करने की घोषणा करना चाहिए। क्योंकि जितनी लंबी आंदोलन होगी उतना ही शिक्षकों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त होगा। इसलिए वेतन विसंगति दूर करने की पहल वर्तमान में किया जाना अनिवार्य है। मोहना नेताम ने कहा कि सामान कार्य करने के बाद भी वेतन में अंतर होना शिक्षकों के साथ अन्याय है।

बैगाबहुल के ग्रामीण मिले मंत्री से, सामुदायिक, आंबा भवन, सांस्कृतिक मंच निर्माण की मांग

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम मुड़घुसरी प्लाट (पारा बजरिया) में विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग को लेकर ग्रामवासियों के एक दल ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर से 21 दिसम्बर को उनके राजधानी स्थित निवास कार्यालय में भेंट की। ग्रामवासियों ने अब तक उनकी समस्याएं दूर करने के लिए मंत्री का आभार भी जताया। ग्राम मुड़घुसरी प्लाट के ग्रामवासियों ने मंत्री से भेंट के दौरान ग्राम में सामुदायिक भवन निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण, सांस्कृतिक मंच निर्माण, आम निस्तारी हेतु तालाब में बोर खनन, ग्राम में पक्की सड़क निर्माण, सी.सी. रोड निर्माण के लिए लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पटेल सुकलु बैगा, हिरउ बैगा, फगनु मेरावी, मोहतू पंच, फूलसिंह, शिवकुमार, बजयू बैगा, नचकार बैगा, सोनार बैगा, नोहर सिंह बैगा, जयसिंह बैगा, सुरजीत बैगा, नजरू बैगा, जयराम बैगा, मंतराम बैगा, मोहबती बाई, जैयमौतीन बाई, हिरू सिंह बैगा, अमरलाल बैगा, मदन सिंह बैगा, जोन्हु बैगा। ग्रामवासियों के साथ कैबिनेट मंत्री मिलने आए ग्राम पटेल सुकलु बैगा ने बताया कि ग्रामवासियों की मांगों को मंत्री अकबर ने ध्यान पूर्वक सुना तथा निर्माण संबंधी विकास कार्यों को शीघ्र कराने का भरोसा दिलाया। ग्राम पटेल सुकलु बैगा ने यह भी बताया कि मंत्री उनकी समस्याओं का सदैव निराकरण करते आए है। उनकी कार्यशैली के कारण समस्त ग्रामवासी उन पर प्रारंभ से ही विश्वास जताते है।

चेंबर अध्यक्ष ने अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों को बांटे कंबल

गरियाबंद/नवप्रदेश। शीतलहर के चलते बढ़ी ठंड को देखते हुए चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने मंगलवार को जिला अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क कम्बल वितरित किए। इस दौरान चेंबर मंत्री विनय दासवानी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हरीश चौहान, डॉ हिरोदिया, प्रतीक सिंह भी मौजूद थे। एकाएक ठंड बढ़ने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती दूर दराज से मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी, कई मरीज ऐसे थे जो कम्बल या अन्य गर्म कपड़े साथ नहीं रखे थे। इसकी जानकारी जैसे ही चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष रोहरा को मिली तो उन्होंने तत्काल सोमवार रात 10 बजे ही दो जरूरमंद मरीजों को तत्काल कम्बल प्रदान किए। इसके बाद मंगलवार को उन्होंने 35 कम्बल जिला अस्पताल के जरूरमंद मरीजों के लिए अस्पताल प्रबधंन को उपलब्ध कराए। इस दौरान भी उन्होंने तीन मरीजों का कम्बल वितरित किए और अस्साल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि आगे भी मरीजों के लिए कम्बल अन्य चीजों की जरूरत होगी तो वे सहायता करेंगे।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-367 दिनांक 4.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- वामन राव लाखे-66
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-66 स्थित भूमि RPR664B00317 स्थित जो कि निगम अभिलेख में श्री प्रकाश प्रजापति s/o लच्छु राम प्रजापति नाम से दर्ज है जिसको 1. श्री राकेश कुमार अग्रवाल s/o स्व. बाबूलाल 2. श्रीमती मीना अग्रवाल w/o राकेश अग्रवाल ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-366 दिनांक 4.12.21
वार्ड का नाम वार्ड- भक्त माता कर्मा-67
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-67 स्थित भूमि RPR567E00314 स्थित जो कि निगम अभिलेख में श्री डा. पी.व्ही.एस. नागेस s/o पी. पट्टाविरामके नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती शुभ्रा तिवारी w/o शरद तिवारी ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग, (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 0778-2323633 E-mail : eedurg-phe-cg@nic.in
नि.सू.क्र. 22/तशा./(निविदा)/ का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2021 दुर्ग, दिनांक 17.12.2021

// मैनुअल पद्धति संक्षिप्त निविदा सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र ए'' में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 27.12.2021 शाम 5.30 बजे है।

समूह क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
01	विभागीय कालोनी जल परिसर में स्थित भंडार गृह भवन का डिस्टेपरिंग एवं पेंटिंग इत्यादि का कार्य।	7.89

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है, विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-66059/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दुर्ग (छ.ग.)

नोट - यह कार्य दुर्ग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत है, इस कार्य से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग गरियाबंद (छ.ग.)
Phone No. 07706-241533 Fax No. 07706-241488 Email-eepwd-gbd-cg@gov.in
ज्ञाप क्र./3688/NIT-14/2021-22/व.ले.लि. गरियाबंद, दिनांक 16/12/2021

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अतिम तिथि :- 28.12.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 04.01.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 05.01.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे
4. निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750/-
5. कार्य की अवधि :- 15.02.2022
6. निविदा प्रपत्र :- (A)
7. ठेकेदारो की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत द श्रेणी से अ-श्रेणी तक

एन.आई.टी./ निविदा क्रमांक	कार्य का नाम/NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)/ अमानत राशि बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
14 T0057	राजिम अनुविभाग के अंतर्गत पाण्डुका उपखण्ड के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य (प्रथम आमंत्रण)	9.50 7500.00 150000.00
14 T0058	राजिम अनुविभाग के अंतर्गत अतिवृष्टि, आपदा प्रभावित आपातकालीन स्थिति में क्षतिग्रस्त हुए मार्गों/ पुल पुलियों का मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
14 T0059	गरियाबंद अनुविभाग क्र. 01 के अंतर्गत अतिवृष्टि, आपदा प्रभावित आपातकालीन स्थिति में क्षतिग्रस्त हुए मार्गों/ पुल पुलियों का मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
14 T0060	देवभोग अनुविभाग के अंतर्गत अतिवृष्टि, आपदा प्रभावित आपातकालीन स्थिति में क्षतिग्रस्त हुए मार्गों/ पुल पुलियों का मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
14 T0061	गरियाबंद संभाग गरियाबंद के अंतर्गत विभिन्न विभागों के पुराने जर्जर भवनों का डिस्मेंटलिंग का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-66049/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग गरियाबंद (छ.ग.)

वालफोर्ट की वादाखिलाफी पर सीजी रेरा कर चुका है कार्रवाई

पंकज लाहोटी, संजय गोलछा, अर्चित पारेख सहित वालफोर्ट प्रापर्टीज प्रा.लि. के खिलाफ भी हो चुकी हैं शिकायतें

रायपुर/नवप्रदेश। वालफोर्ट प्रापर्टीज प्राइवेट लिमिटेड की वादाखिलाफी के क्या कहने। कंपनी के खिलाफ मिली शिकायतों पर छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने एक बार नहीं कई बार कार्रवाई की है। बावजूद इसके इस रियल एस्टेट कंपनी ने अपने आचरण में बदलाव करना शायद उचित नहीं समझा। संभवतः यही वजह रही कि समय-समय पर इनके खिलाफ शिकायतें होती रहीं।

सबसे हैरत वाली बात जो हमने अपनी पड़ताल में पाई वह यह कि शिकायतों पर जब रेरा ने

कार्रवाई की उस दौरान इनके अधिकांश प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड ही नहीं थे। अलग- अलग प्रोजेक्ट में मिली शिकायतों पर रेरा ने वालफोर्ट प्रापर्टीज प्राइवेट लिमिटेड सहित ओम श्रीसाई डेवलपर्स, पंकज लाहोटी, संजय गोलछा, अर्चित पारेख को भी पक्षकार बनाया। एकाध मामलों को छोड़कर अन्य कई मामलों में रेरा आथारिटी ने वालफोर्ट को नियमों के अनुरूप काम कराने के लिए आदेशित कर निवेशकों को राहत दी। रेरा ने इस तरह के अनेक आदेश वर्ष 2019 और 2020 में जारी किए हैं।

नियमों की पेचीदगी, निवेशकों की परेशानी

वालफोर्ट प्रापर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के कई प्रोजेक्ट में मिली शिकायतों के आंकलन में एक बात यह भी निकल कर आई कि कई निवेशक नियमों की पेचीदगी में उलझ गए। यह बात तो रही महज शिकायत करने की हिम्मत करने वालों की। जानकारों की मानें तो बहुत से लोग ऐसे भी हो सकते हैं जिन्हें इकरारनामे, जीएसटी, अन्य शुल्क, पजेशन और संबंधित नियमों की इतनी बारीक जानकारी नहीं होती है। इन परिस्थितियों में वे बिल्डर की तरफ से छले जाने को ही अपनी नियति मान लेते हैं।

इन प्रोजेक्टस में मिली शिकायतें

वालफोर्ट प्रापर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के लगभग दर्जन भर से अधिक प्रोजेक्ट राजधानी रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में हैं। इनमें वालफोर्ट पैराडाइज, वालफोर्ट गार्डन, वालफोर्ट विहार, वालफोर्ट वुड्स, वालफोर्ट विले फेस-1 के खिलाफ सीजी रेरा में शिकायतें मिली। इनमें वालफोर्ट गार्डन के खिलाफ सबसे अधिक शिकायतों का होना पाया गया। रेरा ने अलग-अलग आदेश के जरिए इन शिकायतों का निराकरण किया है।

बड़े-बड़े दावों की खुल रही परतें

आशियानें का सपना देखने वाले इसे इस तरह से समझ सकते हैं कि जो दावे और वादे वालफोर्ट के कई प्रोजेक्ट में किए जाते हैं, वह ठीक तरह से पूरे किए जा रहे हैं ऐसा पूरी तरह तो सही नहीं कहा जा सकता है। वालफोर्ट है तो सही के दावों की कलई तो रेरा की तरफसे हुई कार्रवाई स्वतः खोल देती है। कुछ शिकायतों पर नजर दौड़ाएंगे तो पता चलता कि बड़े-बड़े दावों के पीछे कितना सच है।

ओड़िशा का धान खपाने सरपंच पति ने किसानों का रख लिया ऋण पुस्तिका व बैंक पासबुक

किसानों ने एसडीएम से वापस दिलाने की लगाई गुहार

देवभोग/नवप्रदेश। वर्षों से किसानों के पट्टे में ओड़िशा का धान उपार्जन केंद्र में बेचकर समर्थन मूल्य के साथ प्रोत्साहन राशि में लाखों रुपए बनाने वाले बिचोली एवं व्यापारी शासन प्रशासन की कार्यवाही से कोसों दूर है, लेकिन अब ऐसे बिचौलियों के खिलाफ सरपंच संघ अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला महामंत्री राज कुमार प्रधान ने मोर्चा खोल दिया है। बरबहेली सरपंच पति पुनीत राम सिन्हा के विरुद्ध एसडीएम से शिकायत कर शुरुआत कर दी है। राज कुमार प्रधान ने एसडीएम को शिकायत करते हुए बताया है कि सरपंच पति पुनीत राम द्वारा चिचिया, नवागांव, डूमरपीटा सहित बरबहेली के कई किसानों को कई का प्रलोभन देते हुए उनके भूमि का पंजीयन कराकर तेतलखूंटी उपार्जन केंद्र पर ओड़िशा से लाया हुआ अवैध धान बेचा है। इसके अलावा 30 से 40 किसानों का पट्टा (ऋण पुस्तिका) एवं पासबुक को भी अपने पास रखकर समर्थन मूल्य और प्रोत्साहन राशि का लाभ लेने का आरोप लगाया है। वहीं किराना दुकान की आड़ में ओड़िशा से लाया धान डंप रखने की बात कही है। वहीं जिन किसानों का ऋण पुस्तिका व पासबुक रखा गया है, उन्हें वापस दिलाने की मांग की है। वहीं इस मामले में सरपंच पति से चर्चा की गई तो उन्होंने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि प्रशासन जांच करें और उसके पास से किसानों की ऋण पुस्तिका व पासबुक बरामद कर लें।

शिकायत नहीं मिलने की बात

स्थानीय प्रशासन द्वारा आसानी के साथ शिकंजा कसा जा सकता है। अफसरों के पास गांव-गांव के बिचौलियों की पूरी कुंडली होती है, लेकिन शिकायत के अभाव और किसानों के सामने नहीं आने की बात कहकर अफसर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। यही वजह है कि क्षेत्र के गांव गांव में लगातार बिचौलियों की संख्या अच्छी खासी बढ़ रही है।

क्या कहते हैं एसडीएम

नायब तहसीलदार को जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

टीआर देवांगन,
एसडीएम देवभोग

किसानों के पास पहुंचा सरपंच पति

इधर, एसडीएम से शिकायत करने की जानकारी मिलते ही सरपंच पति किसानों के पास पहुंचा और उन्हें शिकायत की जांच होने पर अपने फेवर में बयान देने के लिए दबाव डालने की कोशिश करने के साथ-साथ कई तरह की प्रलोभन देने की भी चर्चा है। बता दें कि इसी साल बरबहेली में नवीन धान खरीदी केंद्र खुला है। जहां ओड़िशा का धान खपाने के अलावा बोगस धान खरीदी होने की संभावना है।

ओड़िशा से 15 सौ रुपए में खरीद रहे

देश में छत्तीसगढ़ ही एक मात्र राज्य है। जहां किसानों को प्रति एकड़ फसल की कीमत 25 सौ रुपए से अधिक मिल रहा। जबकि पड़ोसी राज्यों में सेंट्रल द्वारा निर्धारित एमएसपी पर ही धान खरीदी होती है। ऐसे में बिचौलियों को गरियाबंद जिले से लगे ओड़िशा के गांवों में 15 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान आसानी से मिल जाती है। इस धान को दलाल स्थानीय किसानों के नाम पर समर्थन मूल्य पर खपा देते हैं।

धान का उठाव नहीं, खरीदी बंद होने की कगार पर, संकट में 'अन्नदाता'

बालोद/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों सोसाइटी में धान खरीदी व्यवस्था परिवहन की कमी व अभाव के चलते चरमराती नजर आ रही है। जिसके चलते किसानों के साथ सोसाइटी प्रबंधन के लिए नई समस्या खड़ी हुई है। एक तो इस बार बारदाने की समस्या से किसान जूझ रहे हैं। किसानों को स्वयं का बारदाना लाना पड़ा है। तब जाकर खरीदी हो रही है तो उस पर अब तो खरीदी बंद होने की नौबत आ रही है। वजह है परिवहन का अभाव व जगह की कमी। कई केंद्रों में क्षमता से ज्यादा धान खरीदी जा चुकी हैं। जिन्हें रखने के लिए बहुत परेशानी हो रही है। अगर धान परिवहन समय पर नहीं हुआ, जगह खाली नहीं हुआ तो खरीदी बंद करने की नौबत आ जाएगी। हालांकि अधिकारी खरीदी बंद करने के पक्ष में नहीं है। वे प्रबंधन पर ये कहकर दबाव बना रहे हैं कि थोड़ा थोड़ा धान खरीदते रहे। बंद होने ना दें। परिवहन चलता रहेगा। लेकिन प्रबंधन किसानों के बीच फंसा हुआ है। प्रबंधकों का कहना है कि जिन किसानों का तो टोकन कट चुका है वह तो पूरा धान लाएंगे, उसे तो खरीदेंगे। ऐसे में किसानों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। जगह के अभाव में अगले हफ्ते कई जगह खरीदी बंद होने की स्थिति पैदा हो रही है। धान परिवहन नहीं हो रहा है। दिनभर में एक दो गाड़ी भी बमुश्किल से धान उठाने के लिए फड़ों में पहुंच रही है। अगर यही हाल रहा तो प्रबंधन भी जवाब दे देगा और खरीदी भी बंद करनी पड़ेगी।

जाम हुए धान की रखवाली करना भी परेशानी

इधर सोसाइटी में परिवहन के अभाव में जाम हुए धान की रखवाली करना भी प्रबंधन के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। उनकी सुरक्षा भी बड़ी जिम्मेदारी है। चूहे भी धान कुतर रहे हैं तो परिवहन ना होने से जगह की भी समस्या है। धान रखने के लिए जो चबूतरे बनाए गए थे वह भी पूरे भर चुके हैं। जमीन पर धान को रखना पड़ रहा है। इससे नुकसान का भी खतरा बना हुआ है।

जनहितकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को प्रोजेक्टर पर लोगों को दिखाया

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। राज्य सरकार के सफल 3 साल का कार्यकाल पूरे होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले के नवागढ़ विकासखंड मुख्यालय में विकास फोटो प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी स्थल पर गत 3 साल में छत्तीसगढ़ राज्य में हुए विकास कार्यों जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई गई। नवागढ़ विकास खंड में आयोजित विकास फोटो प्रदर्शनी में ग्राम अवरीद के बसंत कुमार सिंह, नगर पंचायत नवागढ़ के एल्डरमैन मूलचंद श्रीवास, जूना डीह के दीपक सागर, सुनीता सागर, सलखन के देवेश कुमार कश्यप, चिंता राम साहू, रामप्रसाद, श्यामलाल कंवर और खैरा के सहेबदास सहित सैकड़ों लोगों ने अवलोकन किया और फोटो प्रदर्शनी और लघु फिल्म की प्रशंसा की।

भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों पर मानक दर पर उपकर कटौती के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के श्रम विभाग ने भवन एवं अन्य निर्माणों पर मानक दर पर उपकर कटौती के निर्देश दिए है। नवा रायपुर स्थित मंत्रालय से श्रम विभाग ने प्रदेश के समस्त नगर पालिक निगमों के आयुक्त, नगर पालिका परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला पंचायतों और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित राज्य शासन के समस्त विभागीय सचिवों को पत्र जारी कर निर्देश दिए है कि भवन एवं सन्निर्माण उपकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार प्रचलित दर पर उपकर कटौती की जाए। अधिकारियों को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णयों के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों के निर्माण कार्यो के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के मानक दर और शहरी क्षेत्रों के निर्माण कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग के प्रचलित मानक दर के आधार पर निर्माण प्राक्कलन की गणना करने के निर्देश दिए गए हैं।

बलौदा में खंड स्तरीय फोटो प्रदर्शनी आज से

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय विकास फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 28 दिसंबर तक दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में किया जा रहा है। विकास प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन एवं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी वाले पॉम्पलेट का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी की निर्धारित तिथि के अनुसार 22 को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक बलौदा जनपद कार्यालय परिसर में किया जाएगा। इसी प्रकार 23 दिसंबर को पामगढ़, 24 दिसंबर को बम्हनीडीह में खंड स्तरीय विकास फोटो प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

प्रस्तावित बोधघाट परियोजना को निरस्त करने की मांग

राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जगदलपुर/नवप्रदेश। चित्रकोट विधानसभा के लोहण्डीगुडा मे 19 पंचायत के ग्रामीणों द्वारा जनसभा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज सहित अन्य समाज के लोग भी उपस्थित थे। मां दंतेश्वरी हित रक्षा समिति के अध्यक्ष सुकमन कश्यप ने कहा कि इंद्रावती नदी पर बोधघाट विद्युत एवं जल सिंचाई परियोजना हेतु प्रस्तावित है, जिसका सर्वेक्षण व अन्य कार्य का गुप्त रूप से किया जा रहा है। सर्वेक्षण का अन्य कार्य हेतु डुबान क्षेत्र के ग्राम पंचायतों से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं लिया गया है। जबकि यहां पांचवी अनुसूची पेशा कानून लागू है। प्रस्तावित बोधघाट परियोजना से 56 गांव डुबान व प्रभावित हो रहे है। इसलिए सभी ग्राम पंचायतों से ग्राम सभा बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है कि प्रस्तावित बोधघाट परियोजना को पूर्ण रूप से निरस्त करने की मांग करते हैं। पूर्व विधायक लछुराम कश्यप ने कहा भैरमगढ़,

गीदम, नारायणपुर एवं लोहण्डीगुडा ब्लॉक के लोग बोधघाट परियोजना का विरोध करने पहुचे है । कांग्रेस सरकार कि सोच है कि बोघघाट परियोजना शुरू हो। इस परियोजना से लोग प्रताड़ित हो रहे है, जमीन से बेदखल होने के डर से जगह जगह बैठके शुरू हो चुकी है, ग्राम सभा शुरू हो गई है। सभी लोग एसडीएम को ज्ञापन सौंपें है जिसमें कहा गया है कि जल जंगल जमीन हमारा है बोधघाट परियोजना बंद होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों मे 19 पंचायतों के ग्रामीणों सहित राजाराम तोडम, दशरथ कश्यप, डॉ बसंत कश्यप, चंद्रभान कश्यप, भइसु मंडावी, रैतूराम मंडावी, शिव कुमार मंडावी, ललित कश्यप, मन्कुराम, केदार, सोनकुराम, मंगलूराम, बसंती राणा, देवीसिंह, मन्कुराम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

20 करोड़ की सिंचाई परियोजना स्वीकृत, 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बढ़ेगी सिंचाई सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। शासन ने नौ सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 20 करो? 95 लाख 62 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। योजनाओं के पूरा होने से पन्द्रह हजार एक सौ छैसठ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा के अंतर्गत अरपा नदी पर कछार के पास डाईक निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 66 लाख 86 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अरपा नदी पर कोनी के पास डाईक निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 44 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कुआपाली जलाशय योजना के शीर्ष कार्य, नहर रिमॉडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 69 लाख 87 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 194 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड बम्हनीडीह की सोन नदी पर सोनियापाट एनीकट योजना के लिए चार करोड़ 92 लाख 54 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 115 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जांजगीर-चांपा जिले के हसदेव बांगो परियोजना के चांपा शाखा नहर से सोंठी माईनर एक में आर.डी. 300 मी. से 750 मी. के मध्य सुरक्षावाल का निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 73 लाख 19 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 120 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

प्रभारी सचिव की बैठक से अनुपस्थित रहे नगर पंचायत सीएमओ, निलंबित

- **प्रभारी सचिव ने की विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों की समीक्षा**

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। राज्य के गृह और जिले के प्रभारी सचिव धनंजय देवांगन ने सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि वे निर्माण कार्य सहित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि संपादित विभागीय कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो, यह सुनिश्चित करें।

कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष जांजगीर में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जिले में विभागीय कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रशंसा की। प्रभारी सचिव ने झूठी जानकारी देकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक से नदारद रहने पर खरौद नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सत्यनारायण गुप्ता को निलंबित करने का आदेश दिया। एनजीजीबी की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने केमिकल कंपोस्ट की मांग को हतोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देशित कर कहा कि वे गोबर कंपोस्ट खाद का उपयोग बढ़े, इसके लिए किसानों को इसके फायदे बताएं तथा इसका उपयोग करने किसानों को प्रेरित करें। प्रभारी सचिव ने कहा कि गौठानों में निर्मित वर्मी खाद का शीघ्र बिक्री हो, यह कोशिश की जाए। नरवा विकास की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि इस कार्य से भूमिगत जल स्तर में कितनी बढ़ोतरी हुई है, इसकी जानकारी दें। श्री देवांगन ने नरवा, घुरवा योजना की समीक्षा करते हुए

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के खरीदी केंद्रों में बारदानों की उपलब्धता की जानकारी ली। उद्यान विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने जिले की जरूरत के अनुरूप सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों, अन्य स्टाफ की भर्ती, स्वीकृत भरे गये और रिक्त पद तथा बच्चों की दर्ज संख्या और उपस्थिति की जानकारी ली। लोक निर्माण आरआईएस, सहित अन्य निर्माण विभागों के स्वीकृत पूर्ण, अपूर्ण निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रारंभ निर्माण कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए गए। प्रभारी सचिव ने विशेषकर महाविद्यालय, स्कूल भवन, अस्पताल और शासकीय आवास भवनों का निर्माण प्राथमिकता से समय सीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कर कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने कहा। समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि वरिष्ठजनों के भरण पोषण अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। इस अधिनियम के तहत वृद्ध माता-पिता को लाभान्वित करने अधिकारियों को स्वयं पहल करने के निर्देश दिए। बैठक में मत्स्य, राष्ट्रीय राजमार्ग, पीएमजीएसवाई, सीएमजीएसवाई, ग्रामीण सड़क विस्तार अभिकरण, मुख्यमंत्री समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सिंचाई, हसदेव प्रबंध, जिला व्यापारउद्योग, आयुर्वेद अंत्यावसायी, श्रम, क्रेडा, विद्युत आदि विभागों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि सभी विभाग अच्छा काम कर रहे हैं, कार्य और बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सभी को अधिक मेहनत से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को कार्य में कोई समस्या हो वे उन्हें अवगत कराएं ताकि समन्वय कर उसका हल निकाला जा सके। उन्होंने प्रभारी सचिव द्वारा विभागीय कार्यों के निष्पादन के लिए दिए गए मार्गदर्शन के प्रति उनका आभार जताया।